नई दिल्ली
शुक्रवार, 26 सितंबर 2025
अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 163
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 37.0
न्यून. 28.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,159.68 | 555.95 ▼ |
| निफ्टी | 24,890.85 | 166.05 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,17,370/- | 630/- ▼ |
| चांदी | 1,40,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.68 | 7 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 69.04 बैरल 0.39% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बड़ा संकेत... मिल सकती है और खुशखबरी

# आम जनता के कंधों से और घटेगा करों का बोझ अर्थव्यवस्था मजबूत होते ही टैक्स 'और कम' करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल के दिनों में लोगों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी की कीमतों में कटौती की। जीएसटी की नई दरें सोमवार यानी 22 सितंबर से लागू हो गईं। इस तोहफे के बाद के बाद पीएम मोदी ने एक और खुशखबरी दी है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ टैक्स को और कम किया जाएगा। उन्होंने जीएसटी की दरों में और कटौती के भी संकेत दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में एक लाख की खरीदारी पर करीब 25 हजार का टैक्स लगता था। अब वह टैक्स घटकर 5-6 हजार रुपए रह गया है। हमने भारत के लोगों की आय और बचत में वृद्धि की है। हम यहीं नहीं रुकने वाले हैं। जैसे-जैसे हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते रहेंगे, हम टैक्स को कम करना जारी रखेंगे। जीएसटी सुधारों की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी।

*स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का ईकोसिस्टम बनाना होगा*



### हमें किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत जैसे देश को किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इस बदलते समय में, अगर देश दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो वे अपनी वृद्धि से समझौता करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया अनिश्चितता और व्यवधान का सामना कर रही है, फिर भी भारत आकर्षक विकास कर रहा है। व्यापारियों और उद्यमियों का आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाएं जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती दे। आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह श्रेष्ठ गुणवत्ता का होना चाहिए। स्वदेशी उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर लोगों का विश्वास बढ़ा है और स्वदेशी को लेकर गर्व की भावना भी बढ़ी है, लेकिन हमें स्वदेशी रिसर्च पर निवेश कई गुना बढ़ाना होगा। नवाचार के बिना दुनिया ठहर जाती है, व्यापार भी ठहर जाता है। स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन, डेवलपमेंट का ईको सिस्टम बनाना होगा।

### चतुर्थी: मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### एयरपोर्ट पर चूहा कांड में डॉक्टर को हटाया



इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट पर चूहे के यात्री को काटने की घटना में मैनेजमेंट एक्शन में आया है। एयरपोर्ट के मेडिकल रूम में तैनात डॉ. हर्षवर्धन सिंह को हटा दिया गया है। उनको नोटिस भी दिया गया है। डॉ. सिंह पर यात्री के इलाज में संवेदनशीलता नहीं दिखाने का आरोप है। इंदौर एयरपोर्ट पर साफ-सफाई का जिम्मा संभाल रही पेस्ट कंट्रोल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया।

#### शादी के बाद 'गोत्र' अलग ऐसे में मायके का हक नहीं



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए कहा है कि अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुराल वालों को मिल जाती है। कोर्ट ने कहा हिंदू में कन्यादान की परंपरा है। जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी।

## खरीदे जाएंगे 97 तेजस विमान

# रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से किया 62 हजार करोड़ से अधिक का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एक ओर ऑपरेशन सिंदूर और दूसरी तरफ शुक्रवार को होने वाली मिग-21 की अंतिम विदाई के साथ तेजी से घटती लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की संख्या के बीच गुरुवार का दिन भारतीय वायुसेना के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया। रक्षा मंत्रालय ने बल के जंगी बेड़े की क्षमता को धार देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ कुल 97 स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमानों (एलसीए) तेजस मार्क-1ए की खरीद को लेकर कुल 62 हजार 370 करोड़ रुपए से अधिक के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें कोई कर शामिल नहीं है।

*ऑपरेशन सिंदूर के बाद वायुसेना की युद्धक क्षमता में होगा कई गुना इजाफा*

विमानों की वायुसेना को डिलीवरी डेढ़ से दो साल के भीतर वर्ष 2027-28 से शुरू होगी। जिसे पूरा होने में छह साल का वक्त लगेगा। मंत्रालय ने 25 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में इस मेगा रक्षा खरीद को हरी झंडी प्रदान किए जाने के लगभग एक महीने के बाद मंत्रालय ने एचएएल के साथ इस समझौते पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए हैं। पूर्व में वर्ष 2021 में रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ रुपए का एक समझौता किया था। इसके बाद किया गया यह दूसरा समझौता है।

### सीसीएस की बैठक में पीएम मोदी ने पहले ही दे दी थी इस बड़ी रक्षा खरीद को अपनी मंजूरी



### परियोजना में शामिल होंगी 105 कंपनियां

इस परियोजना को करीब 105 भारतीय कंपनियों के एक मजबूत विक्रेता आधार द्वारा समर्पित किया जा रहा है। जो विस्तृत घटकों के निर्माण में प्रत्यक्ष रूप से संलग्न हैं। उत्पादन से छह साल की अवधि में हर साल लगभग 11 हजार 750 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। जिससे घरेलू एयरोस्पेस इको-सिस्टम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा।

#### 29 विमान दो सीटों वाले होंगे

मंत्रालय ने बताया कि 97 में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीटों वाले यानी ट्विन सीटर होंगे। समझौते में विमानों के साथ ही संबंधित उपकरणों की खरीद भी शामिल है। तेजस विमानों में 64 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी। जिसमें जनवरी 2021 में हस्ताक्षरित पिछले एलसीए मार्क1 अनुबंध के अलावा 67 अतिरिक्त आइटम शामिल किए जाएंगे। इनमें लगा हुआ उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्कैन्ड एरे रडार (एईएसए), स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी स्वदेशी रूप से विकसित प्रणालियों का एकीकरण आत्मनिर्भरता पहल को और अधिक मजबूत करेगा।

#### खरीद (भारत-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत हुई

*मंत्रालय के मुताबिक, इस खरीद को रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया-2020 की खरीद (भारत-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत स्वदेशीकरण पर सरकार के जोर के अनुरूप अमलीजामा पहनाया गया है। एलसीए मार्क-1ए स्वदेश में डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत वर्जन है। जो वायुसेना की परिचालन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा।*


#### मिग-21 की जगह लेगा तेजस

*तेजस मार्क1ए विमान करीब छह दशक से अधिक की राष्ट्रसेवा के बाद सेवानिवृत्त हो रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। तेजस एक सिंगल इंजन वाला लड़ाकू विमान है। भारतीय वायुसेना इनको अपने युद्धक बेड़े में इसलिए शामिल करने की इच्छुक है। क्योंकि इंजन को छोड़कर ये पूरी तरह से स्वदेशी हैं। किसी वैश्विक या घरेलू तनाव या विवाद की स्थिति में इसका बड़ा फायदा होगा। साथ ही सरकार की यह खरीद ऐसे वक्त में भी की गई है। जब वायुसेना उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर पाकिस्तान और चीन की तरफ से दो मोर्चों पर मिल रही साझा युद्ध की बड़ी चुनौती का सामना भी कर रही है। उसके पास लड़ाकू विमानों की कुल स्क्वाड्रन की संख्या अधिकृत 42 से घटकर 31 स्कवाड्रन पर आ गई है। चीन के साथ भारत के संबंध फिलहाल ठीक हो रहे हैं। लेकिन फौज की तैनाती अभी भी पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर बनी हुई है। जिसे मजबूती प्रदान करने के लिए लड़ाकू विमानों की चौबीसों घंटे की हवाई उड़ान के साथ निगरानी बेहद आवश्यक है। ये विमान इस कवायद में मददगार साबित होंगे।*

## अगली पीढ़ी की इस मिसाइल की मारक क्षमता 2 हजार किलोमीटर तक की है

# अब पाकिस्तान की खैर नहीं भारत ने पहली बार चलती ट्रेन से लांच की 'अग्नि प्राइम मिसाइल'

- दुनिया के विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हुआ भारत बना चीन, रूस और उत्तर-कोरिया के बाद ऐसा परीक्षण करने वाला चौथा देश
- रक्षा मंत्री ने एक्स पर साझा की पोस्ट, सामरिक बल कमांड, डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को दी बधाई



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अभी पश्चिमी सीमा पर सैन्य तनाव पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ है कि अब भारत के हाथ जो प्रचंड कामयाबी लगी है। उससे पाकिस्तान के होश पूरी तरह से उड़ जाएंगे। क्योंकि भारत ने पहली बार चलती ट्रेन से कैनिस्टराइज मोबाइल लांचर से अगली पीढ़ी की 'अग्नि प्राइम' मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। जिसके लिए एक विशेष ट्रेन बनाई गई थी। परीक्षण के साथ ही अब भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों जैसे चीन, रूस और उत्तर-कोरिया के समूह में भी शामिल हो गया है।

जो पहले से ही इस तरह की उच्च-कोटि की सामरिक क्षमता रखते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के सहयोग से इस परीक्षण को बीते बुधवार देर रात ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया। जो पूरी तरह से सफल रहा है। यह मिसाइल अग्नि श्रेणी की एक अत्याधुनिक और उन्नत सुविधाओं से लैस एक मध्यम दूरी की मिसाइल है। जिसकी मारक क्षमता 2 हजार किलोमीटर तक की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए देश की इस बड़ी और शानदार कामयाबी को साझा करते हुए एसएफसी, डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस उड़ान परीक्षण ने भारत को उन खास देशों के समूह में भी शामिल कर दिया है। जिन्होंने रेल नेटवर्क से ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### रात के अंधेरे, धुंध में हमला करने में सक्षम

*रक्षा क्षेत्र के जानकार मानते हैं कि मौजूदा सरहदी तनावपूर्ण माहौल के बीच अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि अक्सर युद्ध या ऐसी आपातकालीन परिस्थिति के बीच हमने देखा है कि सेना के बेड़े में शामिल जंगी मिसाइलों को लांच करने के लिए रणनीतिक रूप से उपयुक्त स्थान पर ले जाने के लिए उनका भारी भरकम आकार और वजन बड़ी समस्या पैदा करता है। लेकिन अब रेल मार्ग से इस अग्नि मिसाइल को न सिर्फ कहीं पर (जमीन, जंगल और दुर्गम पहाड़ी इलाके शामिल) भी ले जाया जा सकेगा। बल्कि जरूरत पड़ने पर जैसे रात के अंधेरे और धुंध या कम प्रतिक्रिया समय में भी दुश्मन पर हमला करने के लिए आसानी से दागा जा सकेगा। सनद रहे कि भारत के उत्तर से दक्षिण तक और पश्चिम से पूर्वी भाग तक लगभग हर कौना हजारों किलोमीटर लंबे विशालकाय रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। यह भारत की इस उपलब्धि के पीछे छिपी हुई ताकत की कहानी अपने आप बयां करता है।*

#### सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल

*मिसाइल के परीक्षण पर आईटीआर में मौजूद विभिन्न ग्राउंड स्टेशनों से कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षण से जुड़े सभी मानकों और उद्देश्यों पर अग्नि प्राइम मिसाइल पूरी तरह से खरी उतरी है। परीक्षण की सफलता इस बात को भी पुख्ता करती है कि भविष्य में रेल आधारित प्रणालियों को सेवाओं में शामिल करना संभव होगा। इस खास* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश को 2,400 करोड़ रुपए की धनराशि मिली

# केंद्र ने तीन राज्यों के ग्रामीण स्थानीय निकायों को अनुदान की पहली किस्त दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए असंबद्ध अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है। बिहार को राज्य की 38 पात्र ज़िला पंचायतों, 530 ब्लॉक पंचायतों और 8046 ग्राम पंचायतों के लिए 801 करोड़ रुपये मिले हैं। हिमाचल प्रदेश को सभी 12 ज़िला पंचायतों, 80 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 3576 ग्राम पंचायतों के लिए लगभग 68 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश को 73 पात्र ज़िला पंचायतों, 813 ब्लॉक पंचायतों और 57,633 ग्राम पंचायतों के लिए 1548 करोड़ रुपये मिले हैं। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल और स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों/पंचायती राज संस्थाओं के लिए राज्यों को एक्सवी-एफसी अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदानों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी की कमान विजंयत पांडा को सौंपी

# भाजपा ने भूपेन्द्र यादव को पश्चिम बंगाल और प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया

- तीन राज्यों के लिए चुनाव सह प्रभारी भी किये घोषित
- त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को पश्चिम बंगाल का सह-प्रभारी बनाया
- सीआर पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में सह प्रभारी की मिली जिम्मेदारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को देखते हुए तीन राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल का चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव को बनाया है। बिहार के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान होंगे तथा तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी की कमान विजंयत जय पांडा को सौंपी है। भाजपा ने बृहस्पतिवार को तीन राज्यों के लिए अपने चुनाव प्रभारियों की लिस्ट जारी की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सीबीआई की टीम करीब 10 दिन पहले आदेश लेकर आई थी

# सोनम वांगचुक के संस्थान पर सीबीआई का शिकंजा, एफसीआरए उल्लंघन की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ विदेशी अंशदान अधिनियम के उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई हो रही है।

वांगचुक ने पुष्टि की कि सीबीआई टीम 10 दिन पहले आई थी। लद्दाख में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह जांच शुरू हुई है। अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

**अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है**



#### गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई

सोनम वांगचुक ने बताया कि सीबीआई की एक टीम करीब 10 दिन पहले एक आदेश लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि वे हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) में कथित विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई कर रहे हैं। इससे पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को हिंसक हो गया था। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और 30 पुलिस ▶▶ शेष पेज 5 पर

## लद्दाख में जारी तनाव को लेकर हरिभूमि से बातचीत में बोले रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ

# चीन संग विवाद समाप्ति के तुरंत बाद लद्दाख का जलना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

**विशेष खबर**



भारत के उत्तरी भाग में काराकोरम और पश्चिमी हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बसा लद्दाख वो केंद्रशासित प्रदेश (यूटी) है। जिसकी एक ओर सीमा पाकिस्तान (कारगिल में एलओसी-सियाचिन में एजीपीएल) से तो दूसरी ओर चीन (एलएसी) से सटी हुई है। यह भौगोलिक परिस्थिति लद्दाख के सामरिक महत्व और अति-संवेदनशीलता का परिचय देने के लिए काफी है। यहां प्रदेश का जिक्र बीते बेहद कम वक्त में नेपाल के 'जेन-Z' की तर्ज पर हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों को लेकर हो रहा है। जिसके चलते अमूमन शांतिप्रिय नजर आने वाला लद्दाख देश के मानचित्र पर अचानक धू-धू कर जलता हुआ नजर आया। फिलहाल पूरे प्रदेश में कर्फ्यू लगा है, इंटरनेट सेवाएं ठप हैं। इन सबके बीच राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कुछ जरूरी सवालों का उठना लाजमी है। जिनमें, क्या लद्दाख के प्रदर्शनों के पीछे किसी बाहरी ताकत का हाथ है? क्या प्रदर्शनों से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई आंच आएगी? क्या ये दूसरा मणिपुर बन जाएगा? क्या एलएसी विवाद खत्म होने के साथ ही ऐसा होने का फायदा चीन उठाएगा? क्या सेना की लद्दाख तैनाती पर ये प्रदर्शन प्रभाव डालेंगे? क्या इनसे लद्दाख के आम लोगों ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### कश्मीर, मणिपुर सा खतरा नहीं, लद्दाखी सच्चे देशभक्त

*सेना के एक अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस अस्थाना ने कहा कि लद्दाख में हुए प्रदर्शन एक राजनीतिक गतिविधि के साथ ही आंतरिक कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। जिसमें लद्दाख के स्थानीय लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाएं (स्टेटहुड की मांग) मुख्य रूप से शामिल हैं। समाधान केवल राजनीतिक रूप से ही संभव जान पड़ता है। जहां तक सीमा पार बैठे दुश्मनों का सवाल है तो मुझे लद्दाख के लोगों की राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर कोई भी शक नहीं है। भारतीय फौज में इन्हें सबसे बेहतरीन लड़ाकों के रूप में माना जाता है, लद्दाख स्काउट्स जिसका शानदार उदाहरण प्रस्तुत करती है। मैं ये भी कहूंगा कि कश्मीर की स्थिति का पाकिस्तान ने फायदा उठाने की कोशिश की है। लेकिन लद्दाख की स्थिति ऐसी है जिसका कोई फायदा नहीं उठा सकता है। ये लोग भारत को छोड़कर किसी के पक्ष (पाकिस्तान, चीन या पश्चिम) में नहीं हैं। एलएसी विवाद में भी लद्दाख के लोगों ने अपनी सच्ची देशभक्ति साबित की है। ऐसे में यहां कश्मीर या उत्तर-पूर्व में मणिपुर जैसे हालात बनने का खतरा नहीं है। मणिपुर की हिंसा के पीछे बाहरी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 2021 में दर्ज किया गया था मामला

**आईटीबीपी भर्ती परीक्षा लीक केस**

# परीक्षा संचालन एजेंसी के तीन निदेशकों समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने आईटीबीपी भर्ती परीक्षा लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें परीक्षा संचालन एजेंसी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोमेट्री (आइआइपी) के तीन निदेशक भी शामिल है। तीनों निदेशकों को कोलकाता और दो अन्य को दिल्ली से पकड़ा गया है। यह मामला 2021 में दर्ज किया गया था, जिसकी जांच क्राइम ब्रांच कर रही थी। इनके संभावित लिंक और अन्य आरोपितों के बारे में पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक गिरफ्तार किए गए तीनों निदेशकों के नाम अमिताव राय, जयदीप गोस्वामी और सुभेंदु कुमार पाल है। सभी कोलकाता, बंगाल में निदेशक के रूप में कार्यरत थे। अन्य दो के नाम रोहित राय और धर्मेंद्र है। रोहित जनकपुरी का रहने वाला है। 2020 में उसने आइआइपी में सलाहकार के रूप में ज्वाइन किया था। धर्मेंद्र वशिष्ठ पार्क, दिल्ली का रहने वाला है। वह आइआइपी में प्रिंटर का काम देखता था। इसकी शिकायत आइटीबीपी के कमांडेंट (भर्ती) कुशल कुमार द्वारा की गई थी, जिसके बाद केस दर्ज किया गया था। सिपाही (ट्रेड्समैन) पद के लिए लिखित परीक्षा 10 जनवरी 2021 की सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक 13 शहरों के 81 केंद्रों पर 46,174 उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र वाट्सएप पर प्रसारित हो गया था। जांच के दौरान आइटीबीपी और आरोपित कंपनी आइआइपी दोनों से जवाब मांगे गए। अनुबंधों और समझौता ज्ञापनों सहित संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। आइआइपी के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। एक कर्मचारी ने बताया कि निदेशक अमिताव राय और उनके सहयोगी इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार थे और जांच प्रक्रिया किसी अन्य कंपनी को आउटसोर्स कर दी गई थी। वहीं नोटिस जारी किए जाने के बावजूद निदेशक जांच में शामिल नहीं हुए। 19 सितंबर को जांच अधिकारी ने निदेशकों से मुलाकात कर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने जांच को गुमराह करने का प्रयास किया और सहयोग नहीं किया। एसीपी कैलाश चंद्र शर्मा व इंस्पेक्टर उमेश भारती की टीम ने 20 सितंबर को अमिताव राय, शुभेंदु कुमार पाल और जयदीप गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया।

# हरियाणा रोडवेज की बस ने ली दो युवकों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आउटर रिंग रोड पर सिविल लाइंस थाना अंतर्गत गुरुवार सुबह हरियाणा रोडवेज की बस से कुचलकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों नरेला से नोएडा जा रहे थे। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी ड्राइवर नरेंद्र (49) को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम सवी कुमार (19) और करण कुमार (28) बताये गये हैं। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक मछली मार्केट, भोरगढ़, नरेला में रहते थे। सवी के परिवार में माता-पिता के अलावा दो भाई व दो बहनें हैं। वहीं करण के परिवार में माता-पिता के अलावा एक भाई व दो बहन हैं। दोनों ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में नौकरी कर रहे थे। गुरुवार सुबह दोनों अपनी बाइक से नरेला से ग्रेटर नोएडा जाने के लिए निकले थे।

करीब 7.20 बजे दोनों सिविल लाइंस होते हुए आईएसबीटी की ओर जा रहे थे। इस बीच आउटर रिंग रोड पर मजनू का टीला के पास दोनों हादसे का शिकार हो गए। दोनों बस के पिछले पहिए के नीचे आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर रोढ़ी (बजरी-गिट्टी) पड़ी हुई थी। इसकी वजह से इनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई और दोनों पीछे से आ रही बस के नीचे आ गए। वहीं कुछ लोग बस से टक्कर होने की बात कर रहे हैं। पुलिस हादसे की वजहों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीजन के विभिन्न अनुभागों में ओएफसी केबल का दो वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,13,86,290.80/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹2,56,900.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 23.10.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-सिगनल–16–टेली–वार्षिक रखरखाव अनुबंध–587 दिनाँक : 25.09.2025 2960/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुमित,** निवासी- बेगाबांड ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 560/2014 धारा 380/411/120बी भा.द.स, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सुमित, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 560/2014 धारा 380/411/120बी भा.द.स, थाना नांगलोई, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री विजयश्री राठौर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-10 (पश्चिम)
कक्ष संख्या 345
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/12838/OD/2025

# खाड़ी देशों में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाली एजेंसी का निदेशक चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने 148 पासपोर्ट जब्त किये

क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने अरब देशों में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों को धोखा देने वाली भर्ती एजेंसी के निदेशक को अरेस्ट किया है। आरोपी निदेशक का नाम इमरान खान बताया गया है। इमरान नौकरी चाहने वालों को विदेशों में नौकरी दिलाने का वादा करके धोखा देता था। इसकी आई.के. मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड लोगों को आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करने के बहाने खाड़ी देशों जैसे सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन, ओमान, ईरान और इराक में धोखाधड़ी से भेजती थी। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इमरान खान को मटियाला गांव, उत्तम नगर में उसके ऑफिस पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। यह एजेंसी जनकपुरी ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास, नंगली जालिब से भी कार्य कर रही थी। आपत्तिजनक सबूतों के साथ कुल 148 पासपोर्ट (145 भारतीय और 3 नेपाली) जब्त किए गए है। आरोपी के पास विदेश मंत्रालय या श्रम मंत्रालय, भारत सरकार से कोई प्राधिकरण या लाइसेंस नहीं था। यह मामला एक शिकायत से शुरू हुआ जिसमें आरोप लगाया गया कि विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने आरोपी ने उससे 75,000 की ठगी की है। बाद में वह कुवैत में फंस गया और भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप से उसे बचाया गया। शिकायत और उसके बाद की जांच पर तेजी से कार्रवाई करते हुए आई.के. मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पर छापा मारा गया। छापे के दौरान आरोपी इमरान खान नौ टेली-कॉलर्स के साथ अवैध एजेंसी चलाता हुआ पाया गया।

## पत्नी के चेहरे पर किया था पेपर कटर से हमला, अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की कश्मीरी गेट पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या के प्रयास में शामिल आरोपी को चार महीने के बाद गिरफ्तार किया है। सलीम शेख ने पत्नी के चेहरे पर पेपर कटर से हमला किया था। आरोपी दिल्ली और एनसीआर के अलग-अलग इलाकों से अपनी पत्नी से कई बार संपर्क करने की कोशिश की थी। आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास, डकैती आदि के चार मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी इस बात से नाराज था कि उसकी पत्नी ने उसकी अनुपस्थिति में किसी और से शादी कर ली थी। 9 मई को इसी साल यह घटना सामने आई थी। घटना के दो दिन बाद पीड़िता खतरे से बाहर आई। उसका बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि उसकी शादी लगभग 6-7 साल पहले सलीम उर्फ सलीम शेख नाम के व्यक्ति से हुई थी। वे गढ़ी मांडू एक्सटेंशन, खजूरी खास में किराए के कमरे में रह रहे थे। वह सड़क किनारे सिगरेट, तंबाकू, टॉफी आदि बेचने का खोखा चलाती थी और उसका पति रिक्शा चलाता था। उसके विवाहेतर संबंधों से उसके तीन बच्चे थे। उसका पति सलीम नशे का आदी था और वह उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। इस कारण वह लगभग एक महीने पहले उससे अलग रहने लगी थी। इस बीच उसकी राजू नाम के व्यक्ति से घनिष्ठता हो गई जो उसके पति सलीम का दोस्त था। 2 मई 2025 को उसने राजू के साथ कोर्ट मैरिज कर ली और कैथवाड़ा में एक किराए के मकान में रहने लगी।

## दिल्ली पुलिस का स्वाट कमांडो फायरिंग श्रेणी में आया प्रथम

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल के अंतर्गत कार्यरत दिल्ली पुलिस का स्वाट कमांडो क्लस्टराइज्ड संयुक्त आतंकवाद रोधी प्रशिक्षण अभ्यास की फायरिंग श्रेणी में प्रथम आया है। एनएसजी द्वारा प्रशिक्षण केंद्र मानेसर में 25 अगस्त से 6 सितंबर तक यह अभ्यास आयोजित किया गया था। आठ विभिन्न संगठनों के आतंकवाद रोधी बलों ने इसमें भाग लिया था। पुलिस के अनुसार राज्य पुलिस बलों और सीएपीएफ के क्षमता निर्माण के एक भाग के रूप में गृह मंत्रालय ने एनएसजी को क्लस्टराइज्ड संयुक्त आतंकवाद रोधी प्रशिक्षण (सीजेसीटीटी) अभ्यास आयोजित करने का आदेश दिया था। एनएसजी ने राष्ट्रीय संकट प्रबंधन को बढ़ावा देने प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं द्वारा संचालन आरंभ करने, निहत्थे युद्ध कौशल की बुनियादी समझ और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के उद्देश्य से आतंकवाद रोधी बलों की विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए दो सप्ताह के लिए प्रशिक्षण केंद्र, मानेसर, गुरुग्राम में अभ्यास का आयोजन किया। इस अभ्यास में 8 कमांडो टीमों ने भाग लिया। इनमें बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस, चंडीगढ़ पुलिस, हरियाणा पुलिस, दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश की एटीएस शामिल थी। दिल्ली पुलिस की स्वाट कमांडो टीम, जिसमें एसआई अरुण कुमार के नेतृत्व में 3 हिट (18 कमांडो) शामिल थे ने अभ्यास में भाग लिया और आठ प्रतिभागी टीमों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम उर्फ अनिल पुत्र** किरपाल सिंह **निवासीः** म.नं. 10613, गली नं. 5, प्रताप नगर, दिल्ली ने **FIR No.188/2020 & CC. No. 7377/2023 U/s 379/356/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रेम उर्फ अनिल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रेम उर्फ अनिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.188/2020 & CC. No. 7377/2023 U/s 379/356/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रेम उर्फ अनिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**जेएमएफसी-04, कमरा नं. 37**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12878/N/2025**
**(Court Matter)**

## अवैध रूप से रह रहे 25 बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 25 लोगों को पकड़ा है। इनमें से 23 उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से पकड़े गए। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए लोगों में पांच नाबालिग और 10 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी लोग किसी भी कानूनी अनुमति या आवासीय दस्तावेजों के बिना पिछले आठ वर्षों से भारत में रह रहे थे। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली में अभियान चलाया, जिसके बाद दो बांग्लादेशी लोगों को पकड़ा गया। उनकी पहचान हसन शेख (35) और अब्दुल शेख (37) के रूप में हुई थी। दोनों बांग्लादेश के सतखीरा जिले के निवासी हैं। पूछताछ में पता चला कि कि उनके कई रिश्तेदार और सहयोगी कानपुर देहात में रह रहे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां छापा मारने के बाद 23 और बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ लिया।

# रामलीलाओं की परंपरा दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका सेक्टर-10 स्थित रामलीला ग्राउंड में द्वारका श्री रामलीला सोसायटी द्वारा आयोजित की जा रही 14वीं रामलीला में बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर रेखा गुप्ता के साथ आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी पंडाल में पहुंचे। इस दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि रामलीलाओं की परंपरा दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान है। इसे भव्यता और दिव्यता के साथ निरंतर बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को गर्व है कि यहां रामलीला जैसी समृद्ध परंपराएं समाज को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से जोड़ती हैं।

## ‘स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी’

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चांदनी चौक की सड़कों पर लगाई झाड़ू, सफाई व्यवस्था के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली के ऐतिहासिक स्थल चांदनी चौक के दिगंबर जैन लाल मंदिर से गुरुद्वारा शीशगंज साहिब तक झाड़ू लगाकर और कचरा कूड़ेदान में डालकर लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों के साथ बाजार का निरीक्षण भी किया और त्योहारों को देखते हुए वहां विशेष सफाई व्यवस्था के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे ‘स्वच्छता ही सेवा’ अभियान से प्रेरित था। साथ ही श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित ‘एक दिन एक घंटा- एक साथ- श्रमदान’ कार्यक्रम का हिस्सा भी था। इस अवसर पर पर चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रवीण खंडेलवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। चांदनी चौक के दौरे में मुख्यमंत्री ने टूटी हुई ग्रिल, बदहाल सड़के, क्षतिग्रस्त स्लैब और टूटे कूड़ेदानों की ओर अधिकारियों का ध्यान दिलाया और उन्हें तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, डिवाइडरों पर व्यवस्थित वृक्षारोपण और क्षेत्र में लगे अवैध बैनर-पोस्टरों को हटाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए इस ऐतिहासिक बाजार में सफाई दिन में दो बार, सुबह जल्दी और दोपहर में सुनिश्चित की जाए ताकि स्वच्छता स्थायी रूप से दिखाई दे। उन्होंने घोषणा की कि दीपावली से पहले वह स्वयं चांदनी चौक का पुनः निरीक्षण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो चुकी हों।

## सीएम रेखा का सफाई के नाम पर ढ़ोंग, 6 वर्षों में मैन्युअल सफाई से 430 मरे मुआवजा कब : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा खुद सपाई करने जैसे अभियान का सिर्फ ढ़ोंग करार दिया है। यादव ने सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर सफाई के नाम पर ढ़ोंग करके अपने लाब लश्कर के साथ वो भी साफ सुथरी जगहों पर सफाई के नाम पर केवल फोटो खिंचवाकर इतिश्री कर रही है। सीएम स्वच्छता को जीवन की संस्कृति का नाम देकर कूड़े के ढ़ेर पर खड़ी दिल्ली की बदहाली को छिपाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार स्वच्छता अभियान का ढ़ोंग छोड़कर मैन्युअल सफाई के दौरान 6 वर्षों में 430 मरने वालों के परिवारों को तुरंत मुआवजा देने का संज्ञान लें तो ज्यादा बेहतर है। गत 1 अगस्त, 2025 से शुरु हुए सफाई स्वच्छता अभियान की विफलता के कारण सीएम रेखा इस अभियान को नया नाम देकर आगे ही बढ़ाती जा रही है। अब सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान 2 अक्टूबर तक बढ़ाया गया है। भाजपा स्वच्छता अभियान अगर संवेदनशीलता से चलाया जाता तो 2 महीनों में दिल्ली एक नया रुप ले लेती।

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Regarding Upgrading/Purchase the Electroflux Magnet at Mill House. | 2025_HBC_473730_1 |
| 2. | Rate contract of boiler chemicals for maintaining P.H. and TDS | 2025_HBC_473732_1 |
| 3. | Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel. | 2025_HBC_473787_1 |
| 4. | Purchase of New Electric Motors | 2025_HBC_473736_1 |
| 5. | Purchase of ACC Sheet | 2025_HBC_473741_1 |
| 6. | Labour contract for repair and maintance of mill gate weighbridge and out cane purchase centre. | 2025_HBC_473745_1 |
| 7. | Transportation of Sugarcane from OCPC | 2025_HBC_473750_1 |
| 8. | Labour contract for loading for sugarcane into trucks at out cane purchase centre. | 2025_HBC_473754_1 |
| 9. | Purchase of Heavy Chemical | 2025_HBC_473762_1 |
| 10. | Purchase of Process chemical | 2025 HBC_473769_1 |
| 11. | Purchase of Lab Chemical | 2025_HBC_473775_1 |
| 12. | Purchase of Mill House Spares | 2025_HBC_473779_1 |
| 13. | Sugar Bag Handling | 2025 HBC 473806_1 |
| 14. | Iron & Steel | 2025_HBC_473815_1 |
| 15. | Purchase of gear box (Walchand Nagar) | 2025_HBC_473819_1 |
| 16. | Transportation of sugar under TPDS scheme | 2025_HBC_474011_1 |
| 17. | Purchase of Polythene Sheet | 2025_HBC_473826_1 |
| 18. | Civil Work (Lying of Interlocking Tilespaver Blocks) At out Cane Purchase Center(BEGA). | 2025_HBC_473829_1 |
| 19. | Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m). | 2025 HBC 474155 1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 30.09.2025 at 09.30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 01.10.2025 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 03.10.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd..**
**Sonipat**




## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने योजनाओं को तय समय में पूरा करने के दिए निर्देश

# गांवों के विकास के लिए एक हजार करोड़ की 431 नई योजनाएं मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने गांवों के विकास के लिए गुरुवार को एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की 431 नई योजनाओं को मंजूरी दी है। यह मंजूरी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास बोर्ड की पहली बैठक में दी गई है। बोर्ड की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि गांव केवल परंपरा और संस्कृति के प्रतीक नहीं, बल्कि राजधानी की जीवनरेखा भी हैं। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है, साथ ही वहां विकास कार्यों में तेजी लाना है। उनकी सरकार चाहती है कि शहरी और ग्रामीण दिल्ली का संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि दिल्ली के गांवों के विकास के लिए बजट की कमी नहीं होगी। दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण विकास बोर्ड की पहली बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा, बोर्ड के चेयरमैन राजकुमार चौहान, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह दराल, सदस्य विधायक, राज करण खत्री, अहीर दीपक चौधरी, नीलम पहलवान, कुलदीप सोलंकी, रविंदर सिंह नेगी के अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह दिल्ली सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय है, क्योंकि पहली बार की बोर्ड की बैठक में एक हजार करोड़ से अधिक की धनराशि मंजूर कर ली गई। उन्होंने बताया कि इस बजट राशि से सड़कों, नालियों, जल निकायों, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। ये परियोजनाएं दिल्ली की 30 विधानसभा क्षेत्रों और 4 संसदीय क्षेत्रों से संबंधित है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द प्रत्येक विधानसभा में क्षेत्रवार परियोजनाओं की सूची तैयार की जाए ताकि उन्हें अनुमोदन और क्रियान्वयन के लिए आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं की स्पष्ट प्राथमिकता तय होने से कार्य में पारदर्शिता और गति आएगी।

### गांवों में सुविधाएं होंगी बेहतर, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कई गांव अभी भी कई विकास परियोजनाएं लंबित हैं। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में सदस्यों ने लंबित कार्यों और नए प्रस्तावों पर चर्चा की। इसके बाद 431 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से दिल्ली के सभी गांवों में बेहतर सुविधाएं और आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी समान रूप से मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन विकास कार्यों को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में सुझाव दिया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को बोर्ड के सदस्यों में विभाजित किया जाए, ताकि कार्यों की बेहतर निगरानी और समन्वय सुनिश्चित हो सके। इससे विकास कार्यों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गति में और अधिक वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मिलकर ग्रामीण दिल्ली को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### गांवों में होंगे यह विकास कार्य

इस धनराशि से गांवों में संपर्क सड़कों और ग्रामीण सड़कों का निर्माण, तालाबों व जलाशयों का विकास, गावों में सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान, व्यायाम शाला, लाइब्रेरी का विकास, जल निकासी संरचनाओं का निर्माण, चौपालों, बारात घर, सामुदायिक केंद्र आदि का निर्माण और मरम्मत का कार्य, पेयजल सुविधा, स्ट्रीट लाइट आदि जैसे अन्य आवश्यकता आधारित कार्य होंगे।




## वरिष्ठ नागरिकों की हर समस्या के लिए खुले हैं दिल्ली सरकार के दरवाजे : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मंत्री रविंद्र इंद्राज ने वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को 8 लाख रुपए के उपकरण किए वितरित

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को बवाना के पंचायत भवन, नांगल ठाकरान में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये। मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय संकल्प की दिशा में इस संकल्प की प्रेरणा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर यह आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में उच्च गुणवत्ता वाले करीब आठ लाख रूपये के उपकरणों का वितरण हुआ।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और योगदान की जानकारी देते हुए मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है और ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना और अंतिम छोर तक विकास पहुँचाना ही प्रधानमंत्री का संकल्प है और यही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि किसी भी पात्र वरिष्ठ नागरिक को यदि पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है तो वह आवेदन कर सकता है, यदि उसे सहायक उपकरण की आवश्यकता है तब भी हमें सूचित कर सकता है। इस कार्यक्रम में करीब सौ वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। वितरित किए गए उपकरणों में व्हीलचेयर, वॉकर, व्हील बेयर एवं व्हील बेयर कमोड, कान की मशीन, चश्मा, सिलिकॉन फोम तकिया, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, नी प्रेस, सर्वाइकल कॉलर और अन्य किट शामिल रहीं।

## दिल्ली के हर कोने तक सुलभ और सुरक्षित सड़क संपर्क किया जाए सुनिश्चित : प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के हर कोने तक सुलभ और सुरक्षित सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव और बाहरी इलाकों तक भी पहुंचे। यह बात दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बैठक की तस्वीरों को साझा करते हुए कही। मंत्री प्रवेश ने एक्स पर लिखा कि गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में चल रहे विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों पर चर्चा की गई। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के हर कोने तक सुलभ और सुरक्षित सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे, बल्कि गाँव और बाहरी इलाकों तक भी पहुंचे।

## डेंगू पसार रहा पैर, इस सप्ताह आ चुके हैं 66 केस : नारंग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली के अंदर बढ़ते डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के केस को चिंता जताई है। उन्होंने आंकड़े रखते हुए आरोप लगाए है कि दिल्ली में भाजपा के चारों इंजन फेल वाली रेखा सरकार के कार्यकाल में डेंगू बुरी तरह पैर पसार रहा है, पिछले सालों का रिकॉर्ड तोड़ डेंगू-मलेरिया के केस आ रहे है। नारंग ने कहा कि इस साल अब तक डेंगू के 685 और इस सप्ताह 66 केस आए है जबकि मलेरिया के कुल 333 और इस सप्ताह 36 केस आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि आप सरकार कैंपेन चलाकर इन बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करती थी, लेकिन भाजपा कुछ नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ अपनी मांगों को लेकर 29 सितंबर से डीबीसी कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं, इसके बाद दिल्ली का और बुरा हाल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर को भाजपा की एमसीडी ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में इस बार फिर से मलेरिया के 36 नए मामले सामने आए हैं। अब तक दिल्ली में मलेरिया के 333 मामले हो चुके हैं। इस साल मलेरिया ने पिछले पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जबकि इस सप्ताह डेंगू के 66 नए मामले आए हैं। अब तक डेंगू के कुल 685 मामले आ चुके हैं। डेंगू के एक सप्ताह में 66 केस पहले कभी नहीं आए।

## मंत्री सिरसा ने राजौरी गार्डन में किया 100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। ये विकास कार्य पंजाबी मार्केट (बंसल स्वीट्स के पास), मंगल बाजार (महावीर डेयरी के पास), संत नगर एक्सटेंशन और टी-ब्लॉक विष्णु गार्डन होंगे। वहीं 8 नए विकास कार्यों में नई सीवर लाइनें, पेयजल पाइप लाइनों का बदलाव और सड़कों का निर्माण ड्रेनेज व पुनर्विकास शामिल है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने राजौरी गार्डन और विष्णु गार्डन के लिए 100 करोड़ आवंटित किए हैं, जिससे मुख्य और अंदरूनी सड़कों के साथ ड्रेनेज सिस्टम को तेजी से अपग्रेड किया जाएगा। इस आवंटन से हमें एक साथ कई काम शुरू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 0 का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने राजौरी गार्डन और विष्णु गार्डन के लिए 100 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने सीएम का आभार जताते हुए कहा कि वह खुद निगरानी रखेंगे ताकि एजेंसियां सभी कार्य बिना देरी के और समन्वय के साथ करें। सिरसा ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी मंत्री व विधायक लोगों से घर-घर जाकर मिल रहे हैं और दिल्ली के विकास के लिए उनके साथ संवाद कर रहे हैं। वहीं उन्होंने अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया।

## सीएम ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं का किया शुभारंभ

# दिल्ली के अस्पतालों में शामिल हुईं आधुनिक जांच मशीनें और एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार का दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें टीबी की आधुनिक जांच के लिए 40 ट्रूनेट मशीनें, 10 पैथोडिटेक्ट मशीनें, 27 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन, 11 नई कैट्स एंबुलेंस, ऑनलाइन अंगदान पोर्टल के साथ ही चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) भी शामिल हैं। वहीं इस अवसर पर 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के संकल्प के साथ टीबी जागरूकता पुस्तिकाओं का विमोचन और पोषण युक्त खाद्य किट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन अंगदान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए वर्ष 2011 से अपनी व्यक्तिगत अंग एवं देहदान की प्रतिबद्धता को याद करते हुए अंगदान को जीवन बचाने का एक पवित्र कार्य बताया। सीएम ने दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस दृष्टि को साकार करने के लिए दिल से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में 150 नई डायलिसिस मशीनें पीपीपी मॉडल पर लगाई गई हैं, जिससे डायलिसिस मशीनों की क्षमता बढ़कर 300 हो गई है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज 11 नई कैट्स एंबुलेंस को जोड़ने के बाद दिल्ली में कुल 277 कैट्स एम्बुलेंस जनता की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। अक्टूबर महीने तक 53 और नई बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवा से जुड़ जाएंगी, जिससे एंबुलेंस के बेड़े की संख्या हमारी सरकार के दीर्घकालिक लक्ष्य 1000 के बेहद करीब तक पहुंच जाएगी। हमने ये लक्ष्य तय किया है कि दिल्ली में एम्बुलेंस पिज़्ज़ा से भी पहले जरूरत पड़ने पर लोगों के घरों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लॉन्च किए गए नए उपकरणों से 25 चेस्ट क्लीनिक के साथ 190 केंद्रों और 334 उपचार केंद्रों में सेवाएं और ज्यादा मजबूत होंगी, जबकि अब तक दिल्ली में लगभग 56,000 लोगों को टीबी जांच और इलाज से जोड़ा जा चुक है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पं. दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जन्म जयंती पर गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा ने नई दिल्ली में पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्थित उनकी विशाल प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रथम पुष्पांजलि अर्पित की। धर्मेंद्र प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का राजनीतिक दर्शन देश के जन जन के विकास एवं जीवन परिवर्तन का मूल मंत्र है। पं. दीनदयाल उपाध्याय का सिद्धांत था समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का भी सिद्धांत है।

# सांझ ढलते ही वार्डों में निरीक्षण करें अधिकारी, प्रकाश व्यवस्था की बढ़ाई जाए निगरानी

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने गुरुवार को दीपावली से पूर्व शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक बेहतर करने के लिए अधिकारियों से बैठक की। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा प्रभारी प्रकाश आश कुमार को भी शहर के प्रमुख चौराहा तथा मुख्य मार्गों को सजाने की तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिए

- शहर के प्रमुख चौराहा तथा मुख्य मार्गों को सजाने की तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश
- प्रमुख चौराहों व मुख्य मार्गों पर लाइटों की मरम्मत करने का कार्य भी जोरों पर चल रहा

पहरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने गुरुवार को दीपावली से पूर्व शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक बेहतर करने के लिए अधिकारियों से बैठक की। बैठक में वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा प्रभारी प्रकाश आश कुमार को भी शहर के प्रमुख चौराहा तथा मुख्य मार्गों को सजाने की तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिसमें पूर्व की भांति इस वर्ष भी आकर्षक लाइटों को लगाने के लिए कहा गया है। पांचों जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में भी लाइटों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए तथा क्षेत्रीय पार्षदों से भी संपर्क स्थापित करते हुए प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। 40 से 50 हजार नई लाइट की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग द्वारा शहर के लिए की गई है, ऐसे स्थान जहां पर अंधेरा है उनको चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है तथा अंधेरे वाले स्थानों को प्रकाशमय बनाया जा रहा है। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षदों तथा निवासियों का सहयोग भी निगम ले रहा है। कौशांबी से लेकर मोहन नगर चौराहे तक, हिंडन एयर फोर्स से नागद्वार तक, अप्सरा बॉर्डर से लेकर मोहन नगर चौराहे तक, हापुर चुंगी से लेकर ठाकुरद्वारा तक, लाल कुआं से लेकर चौधरी मोड़ तक, यूपी गेट व अन्य प्रमुख मार्गों लाइट व्यवस्था दुरस्त है।

**दिवाली से पूर्व जगमग गाजियाबाद**



घंटाघर चौराहा, कलेक्ट्रेट मार्ग, होली चाइल्ड चौराहा नेहरू नगर, सम्राट चौक विजयनगर, शालीमार गार्डन चौराहा, मोहन नगर चौराहा, कौशांबी चौराहा, हापुर चुंगी चौराहा, व अन्य पर आकर्षक लाइट रंग बिरंगी लगाने के लिए योजना बनाई जा रही है पूर्व में भी प्रमुख मार्गों को सजाया गया था जिसकी प्रशंसा शहरवासियों द्वारा की गई। इस बार अधिक आकर्षक लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा प्रतिदिन लाइटों को मरम्मत करने का कार्य भी जोरों से चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी रिफॉर्म से उपभोक्ताओं को राहत

**गाज़ियाबाद।** जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लगातार गंभीर है। जीएसटी सुधारों का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी व व्यापारियों के लिए सहज बनाना है। असीम गुरुवार को राकेश मार्ग पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले चरणों में छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और उद्योग जगत को बड़ी राहत मिलेगी।



### पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 10 हजार पौधे रोपे

**गाज़ियाबाद।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में महानगर के सभी मंडलों और बूथों पर बड़े पैमाने पर 10 हजार पौधे लगाए गए। पौधारोपण को पर्यावरण सुरक्षा और हरित भारत अभियान के प्रतीक के रूप में देखा गया। इस दौरान गोयल ने कहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन भर समाज और राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि माना।



### हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष को पत्नी शोक

**फरीदाबाद।** हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व एयर फोर्स रोड व्यापार मंडल के प्रधान श्रीराम जुनेजा की धर्मपत्नी किरण जुनेजा स्वर्गवास हो गया। किरण अपने पीछे एक पुत्र गौरव जुनेजा व पुत्री कनिका के अलावा भतीजे जगदीश जुनेजा, मनीष जुनेजा भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा सैनिक कालोनी स्थित शमशान घाट पहुंची।




### सूदखोर पर पुलिस की कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा सूदखोरों पर कार्रवाई के एक मामले में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चेतन ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फाइनेंस का काम करने वाले रोहित बैंसला से 31 लाख रुपए 2 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। एक महीने बाद रोहित ने कहा कि 2 प्रतिशत नहीं 10 प्रतिशत का ब्याज देना होगा।



### गाड़ी का साइलेंसर चोरी करने के मामले में दो काबू

**फरीदाबाद।** गाड़ी का साइलेंसर चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो को काबू किया है। भगवान सेवक ने थाना सेक्टर 31 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 सितंबर को उसके मालिक के पास शेर मोहम्मद नाम के व्यक्ति का फोन आया। जिसने कुछ सामान स्प्रिंग फिल्ड एरिया प्लॉट नं 13 से सेक्टर 58 में पहुंचाने के लिये फोन पर गाड़ी बुक की थी।



### ऑटो चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ऑटो चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 ने एक आरोपी गिरफ्तार कर चोरीशुदा ऑटो व अन्य मामले में एक चोरी हुए फोन को बरामद किया है। पुलिस चौकी सेक्टर-55 में शिव कुमार निवासी गौच्छी फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 अगस्त को उसने अपना ऑटो सेक्टर-56 हनुमान मंदिर के पास खड़ा किया था, जिसे कोई चोरी करके ले गया।



---

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं सेवा पखवाड़ा

# फरीदाबाद में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं सेवा पखवाड़े के अवसर पर शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना राज्य की बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं सेवा पखवाड़े के अवसर पर शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना राज्य की बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने महाबीर कम्युनिटी सेंटर में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल पूजन, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे।



### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए विशेष मोबाइल ऐप लॉन्च

*केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से ऑनलाइन दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए विशेष मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। आवेदन प्रक्रिया में सहायता के लिए टोल.फ्री नंबर 18001802231 और हेल्पलाइन नंबर 01724880500 भी जारी किए गए हैं। इसके साथ ही फरीदाबाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए ददसिया, ताजुपुर, बदरौला, डींग, भनकपुर और चांदपुर में उप.स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजनाअंत्योदय*

### योजना 23 से 60 वर्ष की विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं को करेगी कवर

*उन्होंने बताया कि यह योजना 23 से 60 वर्ष की विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं को कवर करेगी। आवेदन प्रक्रिया सरल है और इसके लिए केवल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता और बिजली बिल की आवश्यकता होगी। गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार की बेटी बचाओ. बेटी पढ़ाओ, ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी योजनाओं से पहले ही महिलाओं को नई दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू होगी। पहले चरण में एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाएं शामिल होंगी, जबकि आगे के चरणों में 1.8 लाख, 3 लाख और अंततः 5 लाख रुपए वार्षिक आय तक की महिलाएं भी लाभान्वित होंगी।*

### हर घर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत का मूल मंत्र

*आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के निमित जिला कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं और वोकल फॉर लोकल का आह्वान कर देश के 140 करोड़ लोगों से भारतीय उत्पादों को अपनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। रामपाल ने कहा कि हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत का मूल मंत्र है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग अनिवार्य है और भाजपा का यह अभियान देशवासियों को भारतीय जीवन मूल्यों और स्थानीय उत्पादों के प्रति जागरूक करेगा और देशभर में स्वदेशी उत्पादों और भारतीय जीवन मूल्यों को अपनाने का सशक्त संदेश देगा। 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है।*

---

# जमीनी विवाद की रंजिश में गुरुग्राम आकर चचेरे भाई की गला काटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-3 एरिया में जमीनी विवाद चलते चचेरे भाई द्वारा ताऊ के लड़के की गला काटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के कमरे में साथ रहने वाले युवक ने हत्या की प्लानिंग चार दिन पहले कर ली थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार, 22 वर्षीय राहुल काम की तलाश में गुरुग्राम आया था। वह उसके गांव के रहने वाले यदुवीर, ओंम बीर, अनमोल, महेंद्र व बॉबी के साथ नाथूरपुर गांव में किराए के कमरे पर रहता था। राहुल के पिता मनवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे दो भाई हैं। उसका छोटा भाई छत्रपाल इसके पिता डोरीलाल के साथ गली-गलौज करता है, जिसके चलते पिता डोरीलाल ने इसके भाई छत्रपाल के हिस्से की जमीन पांच दिन पहले 20 सितंबर को शिकायतकर्ता के नाम करा दी थी।

ऐसे में छत्रपाल इसके साथ रोज लड़ाई-झगड़ा रखने लगा। बताया कि उसका बेटा राहुल (22 वर्ष) काम की तलाश में गुरुग्राम आया था और इन्हीं के गांव के लड़कों (यदुवीर, ओंम बीर, अनमोल, महेंद्र व बॉबी) के साथ नाथूरपुर गांव में किराए के कमरे पर रहता था। उसे सूचना मिली कि राहुल (मृतक) की किसी ने गर्दन पर चाकू मारकर हत्या कर दी है। मृतक के पिता ने हत्या का संदेह अपने भाई के लड़के राहुल ने गांव के लड़कों के साथ मिलकर करने का है। पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान सचिन (19 वर्ष) व बॉबी (20 वर्ष) दोनों निवासी गांव रामई, जिला एटा के रूप में हुई।

---

फोन का पासवर्ड पूछ लिया था

# गुम हुए फोन से निकले थे 175010 मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गुम हुए फोन से 1,75,010 रुपए निकालने के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। पंजाबी वाडा बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने थाना साइबर बल्लभगढ़ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 जून को उसका फोन गुम हो गया था। जब उसने नई सिम लेकर खाता का बैलेंस चैक किया तो पाया की किसी ने उसके खाता से 175010 रुपए निकाल लिए थे। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने अनुसार निवासी मोहन बाबा नगर बदरपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि असार ने शिकायतकर्ता का फोन चोरी किया था और जब शिकायतकर्ता ने अपने फोन पर कॉल किया तो इसने कॉल रिसीव किया। जिसके बाद फोन मालिक की पुष्टि करने के लिए चोर ने शिकायतकर्ता से उसका आधार कार्ड का फोटो अपने नंबर पर भेजने के लिए कहा और उससे फोन का पासवर्ड भी पूछ लिया। जिसके बाद इसने अपने दोस्त के साथ मिलकर फोन के यूपीआई पिन बदल पैसे अपने चाचा विकास सिंह के खाता में भेज दिए। विकास सिंह को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी पर चोरी के 13 मामले दिल्ली व फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



---

भतीजे को मार्केट कमेटी का चेयनमैन बनाने पर आभार, कहा-

# मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं, जो कहा, सो किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डबुआ सब्जी मंडी हरियाणा की सबसे बड़ी सब्जी मंडी है। मंडी में व्यापारियों को किसानों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए हमारी सरकार ने एक मजबूत टीम को मार्केट कमेटी का नेतृत्व सौंपने का फैसला लिया। इसी कड़ी में हमने पाली गांव के देवेंद्र भड़ाना को मार्केट कमेटी का चेयरमैन और मनोज यादव को उपाध्यक्ष बनाया। यह विचार केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने सेक्टर-28 कार्यालय पर उसे समय व्यक्त किया जब पाली गांव के सैकड़ो लोगों ने नवनियुक्त मार्केट कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र भड़ाना और भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना के साथ केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री का आभार जताने पहुंचे थे।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस सब्जी मंडी में लाखों लोग सब्जी व फल खरीदने पहुंचते हैं। अब मंडी में किसी को किसी भी तरह की समस्या नहीं आएगी क्योंकि नवनियुक्त मार्केट कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र भड़ाना युवा है। इस मौके पर स्थानीय विधायक सतीश फागना ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर हमारे विधानसभा क्षेत्र को जितनी सौगातें दे रहे हैं उतनी सौगातें हरियाणा के इतिहास में इस क्षेत्र को कभी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन एक अच्छे और सुलझे हुए युवा हैं। वो डबुआ कॉलोनी की सब्जी मंडी की देखरेख अच्छी तरह से करेंगे। उनकी नियुक्ति पर मैं बधाई देता हूं। इस मौके पर भाजपा नेता कविंद्र चौधरी ने नवनियुक्त चेयरमैन देवेंद्र भड़ाना और वाइस चेयरमैन मनोज यादव को बधाई दी।



---

## बजरंग दल कमेटी द्वारा 25वां दशहरा की तैयारियां

# ऑपरेशन सिंदूर की झलक के साथ कई भव्य सुंदर झांकियां देखने को मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा 25वां दशहरा बराही तालाब ओल्ड फरीदाबाद में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर कमेटी के प्रधान सन्नी नारंग एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परविंदर मल्होत्रा ने बताया कि दशहरे की तैयारियां अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि इस बार दशहरे पर ऑपरेशन सिंदूर की झलक के साथ कई भव्य सुंदर झांकियां देखने को मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया की आगामी 29 सितंबर को गोपी कालोनी चौक स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम से महावीर स्वरूप में सेवादार विशेष दडोंत यात्रा ओल्ड फरीदाबाद शहर के बाजारों से होते हुए निकालेंगे जो वापिस आश्रम तक पहुंचेगी। जिसके लिए तमाम सेवादार चालीस दिन पहले से ही व्रत रखते हैं।



### रावण का पुतला मुख्य आकर्षण का केंद्र

*उन्होंने बताया कि इस बार रावण का पुतला मुख्य आकर्षण का केंद्र है क्योंकि कारीगरों द्वारा जहां रावण के पुतले में विशेष लाइटिंग देखने को मिलेगी वही रावण के हाथ में पकड़ी हुई तलवार हाथ समेत लहराती हुई नजर आएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं वशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राजनैतिक सचिव मुख्यमंत्री अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, पार्षद सचिन शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत आर्य विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आज की बैठक में पूर्व पार्षद सुभाष आहूजा, सखी सरवर बिरादरी के प्रधान पवन डावर, समाजसेवी हंस आहूजा, अशोक ढींगड़ा, कार्यक्रम के सह अध्यक्ष सतीश आहुजा एडवोकेट,कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, उपप्रधान संजय अरोड़ा, महासचिव पीयूष ग्रोवर, समाजसेवी पंकज नारंग, सह मेला मंत्री सचिन सैनी, शुभम अरोड़ा, रिंकू गर्ग प्रधान सेंट्रल मार्किट व अन्य सेवादार मौजूद रहे। बैठक में 29 सितंबर को होने वाली दडोंत यात्रा, 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व व 3 अक्टूबर को भरत मिलाप मेले में शामिल होने का शहरवासियों को निमंत्रण दिया।*


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण कुमार, निवासी आई-2/110-111, तीसरी मंजिल तल, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली** ने **केस रजि. नं.24192/2016 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण कुमार** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि केस रजि. नं.24192/2016 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं.102, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/12764/OD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश, पुत्र नानक चंद सी/ओ जंगली निवासी मकान नंबर 64, गली नंबर 3, जी-ब्लॉक, चौधरी गजराज मार्केट, सोनिया विहार, दिल्ली** ने **सीसी नं.1741/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीसी नं.1741/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.10.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, उत्तर-पूर्व जिला
कमरा नं.73, 5वीं मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/12718/NE/2025

**उत्तर रेलवे**

नीलामी सूचना सं०– दिसम्बर–2025

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होगे

दिसम्बर–2025 की ई–नीलामी

| क्र सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522–2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 18 | 26 |
| 2 | शकुरबस्ती 011–27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 11 | 17 | 26 |
| 3 | जगाधरी 01732–252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 8 | 13 | 19 | 27 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522–2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 22 | 30 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632–244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 23 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171–2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 23 | 30 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591–2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 10 | 16 | 22 | 29 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011–23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 11 | 17 | 22 | 29 |

नोटः 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है। 4. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को Ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

सं. 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025–26 दिनांक: 22.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2923/25

# बिहार चुनाव में महागठबंधन का कैंपेन लीड करेगी कांग्रेस, तेजस्वी यादव को साफ संदेश!

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन के प्रचार को कांग्रेस लीड करेगी। पार्टी अपने मुद्दों को महागठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल कराएगी। कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने गुरुवार को यह बात कही है। राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस के इस बयान पर चर्चा शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को साफ संदेश दे दिया है कि बार गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में कौन रहेगा। तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के सवाल को भी कांग्रेस के आला नेता अब तक टालते रहे हैं।

कांग्रेस ने तेजस्वी यादव की आरजेडी को साफ संदेश देते हुए कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कैंपेन को लीड करेगी। कांग्रेस के मुद्दों को महागठबंधन के घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा।



### कांग्रेस अपने मुद्दों को मैनिफेस्टो में शामिल कराएगी

*कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने पटना स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में गुरुवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मुद्दों को मैनिफेस्टो में शामिल कराएगी और सत्ता में आने पर अपने वादों को पूरा भी करेगी। उन्होंने नासिर हुसैन ने अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के कांग्रेस के संकल्प को दुहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना में इसे लागू करवाया है। बिहार में भी इसे लागू करवाया जाएगा।*

### कांग्रेस ने 76 सीटों की लिस्ट तेजस्वी यादव को सौंपी

*बिहार में अगले महीने में विधानसभा चुनाव की घोषणा संभव है। इससे पहले महागठबंधन में सीट शेयरिंग और सीएम फेस पर पेच फंसता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस ने 76 सीटों की लिस्ट तेजस्वी यादव को सौंपी है। पार्टी ने यह तक कह दिया कि अगर सीट शेयरिंग में देरी हुई तो पार्टी 30 सीटों पर अपने कैंडिडेट को प्रचार की हरी झंडी दे देगी।*

### तेजस्वी के सीएम फेस पर कांग्रेस का सस्पेंस

*आरजेडी और वीआईपी जहां तेजस्वी यादव को आगामी बिहार चुनाव में महागठबंधन के सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट कर रही हैं। वहीं, कांग्रेस इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु तक, सभी शीर्ष नेता तेजस्वी को सीएम फेस घोषित करने के सवाल को टालते आ रहे हैं। अल्लावरु ने बुधवार को पटना में कहा था कि अभी मुख्यमंत्री का चेहरा उनका मुद्दा नहीं है, बल्कि वोटों की चोरी कैसे रोकनी है यह मुद्दा है।*

## खबर संक्षेप

### झारखंड पुलिस में 10 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां डीजीपी के सामने दस



नक्सलियों ने सरेंडर किया है। चाईबासा में सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 3 नाबालिग भी शामिल हैं। 10 नक्सलियों के सरेंडर के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया कि यह बड़ी उपलब्धि है और दिसंबर 2025 तक प्रदेश से नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा।

### आवारा के साथ पालतू डॉगी भी निशाने पर आए

**लखनऊ।** यूपी में आवारा के साथ ही पालतू कुत्तों के लिए एक बड़ा अभियान चलने जा रहा है। इसमें



स्वास्थ्य विभाग के साथ पशुपालन, पंचायतीराज व नगर विकास विभाग भी शामिल किए गए हैं। रैबीज की रोकथाम के लिए खास मुहिम चलेगी, जिसमें पालतू व आवारा कुत्तों का टीकाकरण कराया जाएगा। यह अंतर्राष्ट्रीय रैबीज दिवस के अवसर पर 28 सितंबर से चलेगी। सप्ताहभर तक कुत्तों के टीकाकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### जेल से भागा दो लाख का इनामी गिरफ्तार

**बरेली।** यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। बदायूं जेल से भागे दो लाख के इनामी को सात



साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बरेली यूनिट की एसटीएफ ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी सात साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। वह ब्लॉक प्रमुख की हत्या के मामले में बदायूं जेल में बंद था। 2018 में दीवार कूदकर फरार हो गया था।

## प्रेसिडेंट एक्सप्रेस से द्रौपदी मुर्मू ने की मथुरा-वृंदावन की आध्यात्मिक यात्रा

# बांके बिहारी व श्रीकुब्जा मंदिर के दर्शन के साथ निधिवन में 500 मीटर परिक्रमा लगाई

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लगभग प्रातः 10 बजे वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन पहुँची। वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन पर महामहिम का स्वागत मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, ले. जनरल वी. हरिहरन, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद नरेश पाल सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल, एफ (पी) टीएसी, सीडीआर, 8 टीएसी कैप्टन शिवम मनचंदा, डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा किया गया। वृन्दावन रोड रेलवे स्टेशन से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बांके बिहारी मंदिर के दर्शन करने रवाना हुई। महामहिम बांके बिहारी जी मंदिर के निकट बनी पार्किंग पहुंची, जहां से गोल्फ कार्ट के माध्यम से श्री बांके बिहारी जी मन्दिर को प्रस्थान किया। बांके बिहारी मन्दिर में महामहिम ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने ठा. बांके बिहारी का आर्शीवाद प्राप्त किया। ठा. श्री बांके बिहारी मंदिर में चन्दन कोठरी की देहरी पर इत्र सेवा की। उन्होंने सम्मान कुंज बिहारी अष्टक एवं दीप प्रज्वलन किया। बांके बिहारी के दर्शन के समय दिनेश गोस्वामी, विजय कृष्ण गोस्वामी, गौरव गोस्वामी, फैन्की गोस्वामी, शैलेन्द्र गोस्वामी तथा श्रीवर्धन गोस्वामी उपस्थित रहे। महामहिम को गोस्वामियों एवं ठा. बांके बिहारी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी वृन्दावन, मथुरा के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार ने ठाकुर श्री बांके बिहारी जी की आकर्षक स्मृति चिन्ह भेट की।

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की यात्रा दिन के दो हिस्सों में बंटी थी। कुल 7 घंटे के भीतर सुबह उन्होंने वृंदावन स्थित बांकेबिहारी मंदिर, निधिवन व सुदामा कुटी का भ्रमण किया। दिन के दूसरे हिस्से में उन्होंने मथुरा के कुब्जा कृष्ण मंदिर व श्रीकृष्ण जन्मस्थान की यात्रा पूरी की।*



### रास मण्डल में इत्र व पुष्प अर्पण किए

*बांके बिहारी के दर्शन के उपरान्त सभी लोग गोल्फ कार्ट के माध्यम से श्री निधिवन पहुंचे। जहां पर तुलसी वन के हरे भरे वृक्षों का दर्शन किया। द्रौपदी मुर्मु ने ललिता कुण्ड के दर्शन किए, बांके बिहारी के प्राकट्य स्थल पर कमल की माला एवं पुष्प अर्पण किए। उन्होंने रंग महल में राधारानी को श्रृंगार अर्पण किया, जिसमें चादर, साड़ी, 16 श्रृंगार, लडडू, पान, इत्र आदि था। उन्होंने रास मण्डल में इत्र व पुष्प अर्पण किए। वंशीचोरी राधारानी में चुनरी अर्पण तथा चरण पादुका पर इत्र व पुष्प अर्पण किया। महामहिम को वंशी प्रसादी के रूप में प्रदान किया गया। स्वामी हरिदास समाधि पर इत्र सेवा, चुनरी व हरिदासी अर्पण किया। निधिवन के मुख्य सेवायत भीकचन्द गोस्वामी व रोहित गोस्वामी ने महामहिम को ललिता कुण्ड से लेकर स्वामी हरिदास समाधि तक सभी स्थलों का महत्व, निधिवन की प्राचीनता एवं पौराणिकता से अवगत कराया।*

### 6 ब्राहमणों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया

*श्री निधिवन दर्शन के पश्चात महामहिम सुदामा कुटी पहुंची। सुदामा कुटी वृन्दावन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत सुतीक्ष्ण दास महाराज, अमरदास महाराज, नारायण दास अग्रवाल, व्यासदेवा महन्त जी एवं मोहन कुमार शर्मा द्वारा किया गया। राष्ट्रपति मंदिर में प्रवेश करते ही वेद पाठकों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण किया गया। 16 ब्राहमणों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। उन्होंने एक पेड मां के नाम के अन्तर्गत परिसर में पारिजात का वृक्ष लगाया। कार्यक्रम में महामहिम जी ने श्रीमते रामानन्द्राचार्याय नमः सदगुरूदेव भगवान अनन्त श्री विभूषित वैष्णव कुलभूषण गौ-संत सेवा श्री महन्त श्री सुदामा दास जी महाराज की भजनकुटी का लोकार्पण किया। सुदामा कुटी में राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा गौ पूजन किया गया। महामहिम को कुटिया के पौराणिक महत्व का वर्णन मुख्य महाराज सुतीक्ष्ण दास महाराज द्वारा किया गया।*

### श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर की पौराणिकता एवं इतिहास से अवगत हुईं

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होलीगेट क्षेत्र स्थित श्री कुब्जा कृष्ण मन्दिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति को मुख्य महंत बी.बी. चतुर्वेदी द्वारा श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर की पौराणिकता एवं इतिहास से अवगत कराया गया। राष्ट्रपति श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर पहुंची। केशव देव जी मंदिर के दर्शन किए तथा विधिविधान से पूजा अर्चना की।*

## स्व-रोजगार और आजीविका से जोड़ने

# बिहार की 75 लाख महिलाओं के खाते में मोदी-नीतीश आज भेजेंगे 10-10 हजार रुपए

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नीतीश सरकार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का पैसा लाभार्थियों के खाते में शुक्रवार 26 सितंबर को भेजना शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस योजना की पहली किस्त के रूप में 10-10 हजार रुपए जारी करेंगे। शुक्रवार को राज्य की



लगभग 75 लाख महिलाओं के खाते में 7500 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। पीएम मोदी सुबह 11 बजे इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे।

### 6 महीने के बाद इसका आकलन होगा

*सरकार की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को स्व-रोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए यह राशि दी जा रही है। सरकार का मानना है कि 10000 रुपए मिलने के बाद महिलाएं कोई रोजगार शुरू करेंगी। फिर 6 महीने के बाद इसका आकलन कर उन्हें 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता और मुहैया कराई जाएगी।*

### लोकलुभावन घोषणाओं का एक हिस्सा

*यह योजना आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकलुभावन घोषणाओं का एक हिस्सा है। पिछले महीने ही सीएम ने इस योजना का ऐलान किया था और बीते 7 सितंबर को इसके आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अब तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की 1 करोड़ से अधिक महिलाएं इस योजना के लिए आवेदन कर चुकी हैं, इनमें से 75 लाख लाभार्थियों को 10000 रुपए शुक्रवार को मिल जाएंगे। अन्य महिलाओं को भी आगामी दिनों में अलग-अलग चरणों में पैसा जारी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले सभी लाभार्थियों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा।*

## पेज एक का शेष

### केंद्र ने तीन राज्यों के...

सिफारिश की जाती है और एक वित्तीय वर्ष में 2 किस्तों में जारी किया जाता है। ग्रामीण स्थानीय निकायों/पंचायती राज संस्थाओं द्वारा वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस (29) विषयों के तहत स्थान-विशिष्ट महसूस की गई जरूरतों के लिए अनटाइड अनुदान का उपयोग किया जाएगा। बंधे हुए अनुदानों का उपयोग (ए) स्वच्छता और ओडीएफ स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, और इसमें घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, और विशेष रूप से मानव मल और मल कीचड़ प्रबंधन और (बी) पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए।

### भाजपा ने भूपेन्द्र यादव...

लिए प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, बिहार विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने वरिष्ठ नेता बैजयंत पांडा को प्रभारी नियुक्त किया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह-प्रभारी बनाया गया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कड़ी चुनौती देने की रणनीति बना रही है और इस नियुक्ति से पार्टी की तैयारियों को बल मिलने की उम्मीद है। भाजपा आगामी चुनाव में ममता को सत्ता से बेदखल करने की तैयारी में जुटी है। पार्टी हर हाल में पश्चिम बंगाल में भगवा झंडा फहराना चाहती है। हालांकि पिछले चुनाव में कड़ी मशक्कत के बाद भी भाजपा ममता बनर्जी की पार्टी को हराने में कामयाब नहीं हो पायी। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित कर भाजपा सत्ता में वापसी के लिए मजबूत रणनीति तैयार करने में जुटी है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने वरिष्ठ नेता बैजयंत पांडा को प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए भाजपा अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान दे रही है।

### अब पाकिस्तान की खैर...

कैनिस्ट्राइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित की है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर वी. कामत ने भी इस उपलब्धि के लिए सभी प्रतिभागी दलों की सराहना की है। वहीं, रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में एक आधिकारिक बयान भी मीडिया से साझा किया है।

**कैनिस्टराइज लांच सिस्टम की खासियत :** मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण को पूर्ण परिचालन परिदृश्य के अंतर्गत अपनी तरह से डिजाइन किए गए रेल आधारित कैनिस्टराइज मोबाइल लांचर से लांच किया गया। मिसाइल लांच करने की यह एक आधुनिक तकनीक का हिस्सा है। केनिस्टर मोबाइल को दुश्मन की निगाह से अचूक सुरक्षा कवच प्रदान करता है और इसकी आवाजाही में भी मददगार साबित होता है। मिसाइल को रेल नेटवर्क से बिना किसी बाधा के लांच किया जा सकता है। अग्नि प्राइम पूरी तरह से सरकार के आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की पूर्ति करती है। अत्याधुनिक संचार प्रणालियों और सुरक्षा तंत्रों के साथ ही सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से भी यह युक्त है।

### सभी मानकों पर खरी ...

मौके पर डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और एसएफसी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। यहां बता दें कि सड़क से दागी जाने वाली अग्नि प्राइम मिसाइल को सफल उड़ान परीक्षणों की एक श्रृंखला के बाद पहले ही सेवा में शामिल कर लिया गया है।

### गृह मंत्रालय की ....

व सीआरपीएफ जवानों समेत 70 लोग घायल हो गए थे।

### चीन संग विवाद...

में भारत के प्रति अलगाववाद की भावना बढ़ेगी? मुख्य हैं। सभी के जवाब हरिभूमि ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों से बातचीत में लिए हैं। पेश हैं अंश-

**राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक :** सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुग का नाम लेते हुए कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय में उसकी अगुवाई में हुआ ये प्रदर्शन शत-प्रतिशत राजनीतिक है। जिसे देश के अंदर कहीं न कहीं से समर्थन मिल रहा है। लेकिन यूटी की भौगोलिक परिस्थिति और चीन के साथ करीब पांच साल में समाप्त हुए एलएसी विवाद को ध्यान में रखते हुए सभी को फ्रंटलाइन राज्यों को राजनीति (पक्ष या विपक्ष) से ऊपर उठकर देखना चाहिए। विवाद के बाद ऐसा होना राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहद खतरनाक हो सकता है। जिसका फायदा चीन और पाकिस्तान दोनों उठा सकते हैं। क्योंकि लद्दाख की अशांति दोनों के हित में है। लेकिन भारत इसे लेकर कोई जोखिम नहीं उठा सकता। इसमें भी कोई शक नहीं है कि मौजूदा प्रदर्शनों में भी इन्हीं या किसी पश्चिमी विदेशी ताकतों का हाथ हो।

**फौज की तैनाती में बढ़ेंगी मुश्किलें :** लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा, लद्दाख ऐसा चुनौतीपूर्ण सीमावर्ती इलाका है जहां इतिहास में हमने पाकिस्तान से पहले सियाचिन और बाद में कारगिल की जंग लड़ी है। वहीं, चीन से भी एलएसी पर हालात कब तनावपूर्ण हो जाएं कहा नहीं सकता। अभी विवाद फिलहाल खत्म हो गया है। लेकिन हमारी सेना पूरी तरह से पूर्वी लद्दाख में एलएसी से वापस अपने पुराने तैनाती स्थानों पर नहीं लौटी है। सेना की ऐसी ऊंचाई वाली जगहों पर सालभर तैनाती को बरकरार रखने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग अत्यंत आवश्यक होता है। अगर लद्दाख के आम-लोग सरकार से नाराज हो गए तो फौज की तैनाती प्रभावित हो सकती है। क्योंकि सियाचिन से लेकर कारगिल और लेह-लद्दाख तक कुली का काम आम लद्दाखी ही करते हैं। इलाके की गहरी भौगोलिक समझ और दुर्लभ परिस्थितियों में जीवनयापन की कला इस कार्य के लिए इन्हें माहिर बनाती है। वहीं, इनका योगदान लद्दाख में ढांचागत परियोजनाओं के विकास से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने में भी है। जिसे लेकर इनके मन में केंद्र के प्रति कोई गलत विचार नहीं जाने चाहिए।

**हर जगह बल-प्रयोग ठीक नहीं :** रक्षा मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि लद्दाख के प्रदर्शनों को बेहद संवेदनशीलता के साथ संभालना जरूरी है। हर जगह फोर्स का इस्तेमाल करना सही नीति नहीं कही जा सकती है। वहां की जनता हमेशा से शांतिप्रिय, धर्मपरायण रही है, उन्होंने कभी भी सरकार के खिलाफ हिंसक तेवर नहीं दिखाए हैं। इस बार भी वो हिंसा पर उतारू नहीं थे, उन्हें उकसाया गया और उन पर पुलिस ने गोलियां चलाईं। सरकार को चाहिए कि उन्हें बुलाए, उनकी समस्याओं, वाजिब चिंताओं को सुने और पूरी संवेदना के साथ लद्दाखियों के साथ बर्ताव किया जाना चाहिए। क्योंकि हमारे सामने लद्दाख से सटा हुआ कश्मीर का मामला भी है। वहां फारूक अब्दुल्ला भी स्टेटहुड की मांग कर रहे हैं। सरकार ने भी पूर्व में वादा किया था। जिसे टालना राज्य की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए ठीक नहीं लगता। इससे अलगाववाद को बढ़ावा मिलेगा। बाहरी ताकतें इसका फायदा उठाएंगी।

### कश्मीर, मणिपुर सा...

कारण रहे हैं। सेना से भी लद्दाख के लोगों को कोई परेशानी नहीं है। जितना ढांचागत विकास वहां हो रहा है। उससे उन्हें रोजगार मिल रहा है। विकास के अवसर बढ़ रहे हैं यानी फायदा ही है।

## झारखंड में 160 हेल्थ अफसरों और प्रोफेसरों को ज्वाइनिंग लेटर



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को 160 स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में 54 सहायक प्रोफेसरों, 13 दंत चिकित्सा अधिकारियों, 38 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 55 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर सीएम सोरेन ने कहा कि डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। मैं डॉक्टरों और चिकित्सा अधिकारियों से राज्य के गरीबों की सेवा करने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध करता हूं।

## जबड़े से छीनी बेटी फिर भी मौत

# बहराइच में तीन साल की मासूम का एक हाथ खा गया भेड़िया

एजेंसी ⏭ बहराइच

जिले में महसी इलाके से कैसरगंज के मंझारा तौकली के गांव बाबा पटाव में घर में खेल रही तीन वर्षीय मासूम बच्ची को भेड़िया उठा ले गया। गन्ने के खेत में लेकर भागा, ग्रामीण उसके पीछे दौड़े तब तक वह मासूम का एक हाथ खा चुका था। लोग भेड़िए से छीनकर बच्ची को अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मंझारा तौकली गांव के विभिन्न मजरों में बच्चों को भेड़िए की उठाने की यह छठी घटना है। इनमें तीन की मौत हो चुकी है एक बच्चा लापता है। बाबा पटाव बंगला निवासी बाबूलाल की तीन वर्षीय बेटी सोनी बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे घर के आंगन में खेल रही थी। अचानक भेड़िया घर में घुसा। जब





तक घर के लोग संभलते भेड़िया मासूम को अपने जबड़े में दबोच ले गया। बाबूलाल के चिल्लाने पर लोगों ने लाठी-डंडे लेकर भेड़िया का पीछा किया तो लगभग 500 मीटर की दूरी पर मासूम गन्ने के खेत में घायल अवस्था अवस्था में मिली। भेड़िये ने मासूम का एक हाथ खा लिया था। ग्रामीण आनन-फानन में मासूम को इलाज के लिए फखरपुर सीएचसी लाए। चिकित्सकों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की मगर मासूम की सांसे थम गईं।

## अंदर का नजारा देखकर एसडीएम भी दंग

# शौचालय का दरवाजा खोलते ही एक-एक कर निकलीं 40 लड़कियां



एजेंसी ⏭ बहराइच

जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस और प्रशासनिक टीम के साथ अफसर जब अवैध मदरसे का निरीक्षण करने पहुंचे तो यहां नजारे ने एक बार सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही शौचालय का दरवाजा खोला गया तो सभी दंग रह गए। अंदर से एक-एक करके नाबालिग लड़कियां निकलने लगीं। सभी लड़कियां नाबालिग थीं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मदरसे को तत्काल बंद कराने तथा बच्चियों को सुरक्षित उनके घर भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

### लड़कियों की उम्र 9 से 14 वर्ष के बीच

*दरअसल पयागपुर तहसील क्षेत्र की एक तीन मंजिला इमारत में अवैध तरीके से मदरसे का संचालन हो रहा था। मदरसे में कुछ अनर्गल तरीके से काम होने की शिकायत मिली थी। पयागपुर तहसील के उप जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडे ने बताया कि वह शिकायत के आधार पर अपनी टीम के साथ पहलवारा गांव में तीन मंजिला भवन पर संचालित अवैध मदरसे का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया, 'मदरसा संचालकों ने पहले तो हमें ऊपर जाने से रोका। पुलिस बल की मौजूदगी में जब हमने मदरसे में प्रवेश किया तो छत पर बने शौचालय का दरवाजा बंद मिला। महिला पुलिस बल ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर का नजारा दंग कर देने वाला था। शौचालय में छिपी 40 बच्चियां एक-एक कर बाहर आने लगीं। सभी की उम्र 9 से 14 वर्ष के बीच है।*

### मदरसे के अभिलेखों की जांच शुरू

*बच्चियां सहमी हुई थीं और कुछ बता नहीं पा रही थीं।' जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया कि बच्चियां शौचालय में क्यों बंद थीं, इस सवाल पर मदरसे की शिक्षिका तकसीम फातिमा ने बताया कि वे अचानक हुए निरीक्षक के चलते मची अफरातफरी से डरकर खुद ही शौचालय में जाकर छुप गई थीं। खालिद ने बताया 'मदरसे के अभिलेखों की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल मदरसे को बंद करने के निर्देश दिए गये हैं।*

### अभी तक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कोई तहरीर नहीं मिली

*मदरसा प्रबंधन से बच्चियों को सुरक्षित उनके घरों तक भिजवाने के लिए कहा गया है।' इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि किसी बच्चे के अभिभावक, उप जिलाधिकारी या अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से अभी तक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कोई तहरीर नहीं मिली है। उनके अनुसार, अगर कोई शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।*



बच्चो, दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। इस दिन श्रीराम ने अत्याचारी रावण का अंत किया था। दशहरे पर लोग बुराइयों के प्रतीक रावण का पुतला जलाकर अच्छाइयों के प्रतीक श्रीराम की विजय का उत्सव मनाते हैं, संकल्प लेते हैं कि वे अपने भीतर की बुराइयों का अंत करके सद्गुणों को अपनाएंगे।

# दशहरा

## अच्छाइयों की जीत का संकल्प

पर्व संदेश

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, हमारे त्योहार जीवन को संवारने वाली कोई ना कोई सीख देते हैं। दशहरे का पर्व हमें हर तरह की बुराई से बचने की शिक्षा देता है। बच्चो, यह त्योहार भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय पाने की याद में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। दशहरे का पर्व हमें अपने भीतर बैठी बुराइयों को त्यागने का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पाठ पढ़ाता है दशहरा।



**मन में बैठी बुराइयों को निकालो:** बच्चो, मन में बैठी बुराई का रंग-रूप किसी डरावने राक्षस जैसा नहीं होता। हमारे भीतर रहने वाली कोई भी बुराई, सिर पर सींग या भयभीत करने वाले अट्टहास के साथ हमारे आस-पास घूमते किसी दानव जैसी नहीं होती। मन में बसने वाली बुराइयां असल में हमारी सोच की नकारात्मक दिशा होती है, जिससे न सिर्फ सब कुछ नकारात्मक लगने लगता है बल्कि हम खुद भी गलत सोच के जाल में फंस जाते हैं। बुरा सोचने लगते हैं। बुरा बोलने लगते हैं। जैसे दूसरों का अपमान करना, किसी के साथ ऊंच-नीच का व्यवहार करना और अपने सहपाठी, मित्र, रिश्तेदारों या आस-पड़ोस के लोगों को छोटा समझना। अपने मित्रों की अच्छी बातों को लेकर ईर्ष्या करना या खुद को खास समझने का ईगो पाल लेना। देखने में तो ये बुराइयां बहुत छोटी लगती हैं, लेकिन ये हमारा पूरा व्यक्तित्व दिशाहीन कर देती हैं। बच्चो, बहुत साधारण सी लगने वाली मन में बैठी बुराइयां हमारी सहजता छीन लेती हैं। किसी से निःस्वार्थ दोस्ती करने और साथ देने के भाव को खत्म कर स्वार्थी बना देती हैं। ऐसे में मन की इन बुराइयों को दूर करना, अपने जीवन को संवारने की सकारात्मक समझ देता है।

**नकारात्मक व्यवहार से बचो:** दशहरे का त्योहार अपने व्यवहार में जगह बना लेने वाली बुराइयों को पहचानने और उनमें सुधार करने का भी संदेश देता है। यह त्योहार भगवान श्रीराम के विनम्र और मर्यादित व्यवहार की जीत का भी उत्सव है। रावण के व्यवहार में बसे अहंकार की हार के माध्यम से हमारे लिए अपने व्यवहार को परखने का संदेश लेकर आता है। विनम्र व्यवहार व्यक्ति को समानता के भाव से जोड़ता है। प्रभु श्रीराम ने स्वयं एक वीर योद्धा होकर भी बिना किसी भेदभाव के वानरों को अपनी सेना में शामिल किया। यह बात सिखाती है कि जीवन में किसी की भी अहमियत कम नहीं है। दूसरों को कमतर मानने का व्यवहार नहीं अपनाना चाहिए। साथ ही दोस्ती की ताकत को भी कभी कम नहीं आंकना चाहिए। बच्चो, प्रभु श्रीराम का व्यवहार हमें बड़ों का सम्मान करना भी सिखाता है। अपने गुरुजनों को मान देने, शांति से अपना काम करने और कठिन वक्त में धैर्य रखने का व्यवहार भी उनसे सीखा जा सकता है।



**दूर करो जीवनशैली की बुराइयां:** बच्चो, बहुत सी बुराइयां मन में ही नहीं, हमारे जीवन में भी आ धमकती हैं। आलस, गुस्सा, गलत फूड हैबिट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत। ये सब भी बुराइयां ही तो हैं। समझना यह है कि शारीरिक रोग हों या मानसिक भटकाव, बहुत सी परेशानियां हमारी गलत जीवनशैली की वजह से ही पैदा होती हैं। इसीलिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना चाहिए। तुम भी मन के मोटिवेशन वाले हथियार से जीवनशैली की इन बुराइयों से लड़ने और उसे हराने की ठानो। सही रुटीन बनाकर अपनी गलत आदतों को सुधारने के रास्ते पर चल पड़ो। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर गलत आदतों से दूर रहने का दृढ़ संकल्प लो।

**प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामो:** दशहरे के पर्व को विजयादशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा और भगवान श्रीराम के पूजन के साथ ही शस्त्र पूजा की भी परंपरा है। अब समय बदल गया है, लेकिन शस्त्र पूजन का रिवाज निभाया जाता है। प्यारे बच्चो, जीवन के संघर्ष में तुम भी प्यार और सद्गुणों के अस्त्र-शस्त्र थामे रहो। याद रखो, स्नेह और सम्मान से सबका दिल जीता जा सकता है। अच्छे गुण जिंदगी के हर फ्रंट पर विजय दिलाते हैं। जैसे प्रभु श्रीराम ने पूरी योजना बनाकर युद्ध लड़ा और जीता, वैसे ही आलस छोड़कर एक योजना के साथ पढ़ाई करके परीक्षा में अच्छे अंक पाए जा सकते हैं। खेल की ट्रॉफी अपने नाम की जा सकती है। कुछ नया सीखा जा सकता है। बच्चो, भगवान राम के समान ही विनम्रता, दयालुता, मित्रता और निश्छलता जैसे सद्गुण अपनाने से तुम्हें मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में भी जीत ही मिलेगी। चुनौती चाहे जैसी हो, प्यार और अच्छे गुणों के अस्त्र-शस्त्र सदा विजयी ही बनाते हैं। *

### याद रखो बापू की भी सीख

बच्चो, इस बार दशहरा 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती के दिन पड़ रहा है। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सद्भावना को हर बुराई से लड़ने का अस्त्र बनाया। उन्होंने जीवन की बेहतरी के लिए अनुशासित दिनचर्या को भी बहुत जरूरी बताया। उनका मानना था कि अच्छी और सधी लाइफस्टाइल अपने लिए ही नहीं अपने देश की उन्नति के लिए भी आवश्यक है। बापू हमेशा सच बोलने और दूसरों को बदलने के बजाय अपने आप में बदलाव लाने के समर्थक थे। उनका कहना था कि भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं। प्यारे बच्चो, दशहरे के इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से मिली हर सीख को मन से अपनाने की सोचो। साथ ही महात्मा गांधी को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए उनके भी विचारों को फॉलो कर अच्छी और सच्ची बातों को जिंदगी में उतारने का प्रयास करो।




# महात्मा गांधी ने किया था कई आंदोलनों का नेतृत्व

हमारे देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह को ब्रिटिश राज के विरुद्ध संघर्ष में अपना हथियार बनाया। बच्चो, देश की आजादी के लिए गांधी जी के नेतृत्व में हुए कुछ प्रमुख आंदोलनों के बारे में जानो।

जानकारी

हर्ष रमेश



बच्चो, महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अपना तन-मन पूरी तरह न्योछावर कर दिया था। ब्रिटिश राज के दौरान उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा लागू किए गए कई अन्यायपूर्ण और दमनकारी कानून खत्म करवाए। साथ ही उन्होंने देश की आजादी के लिए हुए कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया, जो देश की आजादी की राह में महत्वपूर्ण कदम थे।

**चंपारण सत्याग्रह:** महात्मा गांधी ने 1917 में बिहार के चंपारण में सत्याग्रह शुरू किया था। उस समय चंपारण में किसानों को अपनी जमीन के एक हिस्से में नील की खेती करना अंग्रेजों ने अनिवार्य बना दिया था। इससे जमीन की उर्वरता कम हो जाती थी। खेती/पैदावार कम होने पर भी किसानों पर तरह-तरह के टैक्स लगा दिए जाते थे। गांधी जी ने अपने इस आंदोलन के जरिए नील की खेती करने वाले किसानों को अंग्रेजों के शोषण से मुक्त करवाया। यह भारत में उनका पहला नागरिक अवज्ञा आंदोलन था।



**असहयोग आंदोलन:** गांधी जी द्वारा 1920 में शुरू किया गया असहयोग आंदोलन, देशव्यापी स्तर पर पहला जन आंदोलन था। इसमें समाज के हर वर्ग ने हिस्सा लिया था। इस आंदोलन में गांधीजी ने लोगों से सरकार के किसी भी काम में शांतिपूर्ण तरीके से असहयोग करने का आह्वान किया था। इस आंदोलन में ब्रिटिश वस्तुओं, सेवाओं और संस्थानों का शांतिपूर्ण ढंग से बहिष्कार किया गया। असहयोग आंदोलन के जरिए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा मिली।

**नमक सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा आंदोलन:** अंग्रेजों ने नमक पर टैक्स लगाने वाला कानून बना दिया था। इसके कारण नमक काफी महंगा हो गया था। नमक पर टैक्स गरीबों के साथ अन्याय था। 1930 ई. में गांधीजी ने इस टैक्स के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उन्होंने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से समुद्रतटीय गांव दांडी तक पैदल मार्च किया। इसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है। दांडी पहुंचकर उन्होंने नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून तोड़ने का आह्वान किया। इसके साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई, जिसमें बिना किसी हिंसा या उग्रता के अंग्रेजी सरकार एवं उसकी नीतियों का विरोध किया गया।

**भारत छोड़ो आंदोलन:** 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई। देश की आजादी के लिए हुए इस महत्वपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने ही किया था। आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत को पूरी तरह समाप्त करना था। इस आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इसी आंदोलन के दौरान गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। इस आंदोलन के बाद अंग्रेजों को इस बात का अहसास हो गया कि अब भारत को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता।

इन आंदोलनों के अतिरिक्त अहमदाबाद मिल हड़ताल, खेड़ा आंदोलन जैसे कई आंदोलनों का नेतृत्व भी महात्मा गांधी ने किया था। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पर्व दशहरा



रावण था विद्वान बहुत,
धनवान बहुत, बलवान बहुत,
लेकिन उसमें एक कमी थी,
वह स्वभाव से क्रूर था।
थी उसकी सोने की लंका,
नाम का उसके बजता डंका,
निज ताकत को लेकर उसमें,
अहंकार भरपूर था।
दंभ से वह इतना भर आया,
छल से सीता को हर लाया,
दुष्ट दशानन आखिर अपनी,
आदत से मजबूर था।
गलत नतीजा, गलत काम का,
पर्व दशहरा इसी नाम का,
सत्य की ताकत के आगे,
बल-छल चकनाचूर था।

## हंसगुल्ले



**चिंटू** : फाइव के बाद क्या आता है?
**मिंटू** : जीरो।
**चिंटू** : अरे! ऐसा कहां आता है?
**मिंटू** : फैन के रेग्युलेटर में।

-सान्या, रायपुर

**डॉक्टर** : मैंने तुम्हें जो दवाई दी थी, उससे तुम्हें फायदा हुआ?
**मोनू** : नहीं डॉक्टर अंकल, मैंने दवाई ली ही नहीं।
**डॉक्टर** : क्यों?
**मोनू** : क्योंकि दवा की शीशी पर लिखा था, इसे हमेशा बंद रखें। इसलिए मैंने शीशी खोली ही नहीं।

-जयेश, रोहतक

**मोनू** : यार, ये गूगल किसी काम का नहीं!
**सोनू** : क्यों, क्या हुआ?
**मोनू** : क्या फायदा ऐसे गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आने वाले हैं।

-प्रियांश, बिलासपुर

**टीचर** : खरगोश और कछुए की कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
**रिया** : सर, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।

-अंकेश, भोपाल

## जीके क्विज-172



1. हाल ही में किस फिल्म अभिनेता को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
2. साल 2025 का यूएस ओपन टेनिस एकल खिताब किसने जीता?
3. अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस कब मनाया जाता है?
4. गांधीजी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
5. गांधीजी को 'महात्मा' की उपाधि किसने दी थी?
6. गांधी जी के नेतृत्व में भारत में पहला आंदोलन कौन-सा हुआ था?
7. महात्मा गांधी ने किस आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया था?
8. गांधीजी ने भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष आरंभ किया था?
9. ब्रिटिश काल में प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'यंग इंडिया' के संपादक कौन थे?
10. 'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया था?

**बच्चों, जीके क्विज-172 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-171 का उत्तर :** 1 चीन, 2.सेबेस्टियन लेकोर्नु, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.केरल, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.पामीर का पठार, 7.विटामिन बी और विटामिन सी, 8.केराटिन, 9.जोधपुर, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-171 का सही उत्तर देने वाले :** अरुण-भिलाई, लोकेश-मटियारी, हर्षित-रायपुर, दीपक-महासमुंद, कोमल-बिलासपुर, राहुल-ईमेल से, कबीर-हिसार, भावेश-ईमेल से, रितेश-दुर्ग, सुमित-रोहतक, अंकिता-बलौदा बाजार



कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

इस बार गांधी जयंती-विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है। स्कूल में बच्चों को रामलीला से जुड़े नाटक के लिए डायलॉग स्वयं लिखने थे। हनुमान की भूमिका कर रहे ललित ने जब अपने डायलॉग बोले तो चौहान सर ने अभिनय और डायलॉग जोरदार होने के बाद भी उसकी प्रशंसा नहीं की। ऐसा उन्होंने क्यों किया?

## रिहर्सल



'महाराज रावण! यह अंतिम चेतावनी है। नहीं तो मरने के लिए तैयार रहो। मैं स्वयं भी तुम्हें मृत्यु दंड देने की शक्ति रखता हूं किंतु मुझे श्रीराम की आज्ञा नहीं है।' स्कूल में 'बाल रामलीला' का रिहर्सल चल रहा था। ललित, हनुमान का रोल कर रहा था। उसने जैसे ही यह डायलॉग बोला। तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।

देर तक 'गुड! गुड! वेरी गुड!' की आवाजें आती रहीं। ललित फूला नहीं समा रहा था। वह आगे बोलने चला, लेकिन चौहान सर ने उसे रोक दिया। लग रहा था, वे उसकी इस प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं हैं। लेकिन क्यों...? डायलॉग तो गजब का था और उसकी डिलीवरी भी। कितने अच्छे से, पूरे हाव-भाव से उसने यह संवाद बोला था।

स्कूल के सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम चौहान सर ही देखते हैं। वह बहुत मेहनत करते हैं। हर बार नए से नए प्रयोग भी। इस बार तो गांधी जयंती और विजयादशमी का पर्व एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए यह बात भी उठी कि गांधी जयंती मनाई भी जाएगी या नहीं? लेकिन प्रिंसिपल सर ने असेंबली में स्पष्ट कर दिया था कि गांधी जयंती तो अवश्य मनाई जाएगी। और हां, इस बार बच्चों के द्वारा रामलीला से जुड़ा कोई छोटा-सा नाटक भी होना चाहिए।

चौहान सर 'लंका दहन' के प्रसंग पर नाटक तैयार करा रहे थे। बच्चों को नाटक की कहानी सुनाई और समझाई। रोल सौंप दिए। एक शर्त रखी कि इस बार संवाद बच्चे खुद लिखकर लाएंगे। कोई नकल नहीं की जाएगी।

सूरज लंबा-तड़ंगा था। वह रावण के रोल में फब रहा था, लेकिन उसके डायलॉग बिल्कुल अच्छे नहीं थे। वैसे उसने सर को बता दिया था, 'मैंने बहुत कोशिश की, लेकिन डायलॉग नहीं बना पाया।' सर उसके सच बोलने से बहुत खुश हुए। हंसते हुए बोले भी, 'मैंने नाहक ही तुम्हें रावण बना दिया। तुम्हें तो गांधी जी का रोल करना चाहिए था। दरअसल, संवाद बोलना और लिखना दोनों ही एक कला है। ज्यादातर संवाद लिखता तो कोई और है, लेकिन अभिनय कोई और करता है। कम ही अभिनेता ऐसे होते हैं, जो खुद संवाद लिख पाते हैं।' सर ने यह भी कहा, 'परेशान न हो। मैं तुम्हें संवाद लिखकर दे दूंगा।' लेकिन हनुमान बने ललित के द्वारा इतने अच्छे संवाद के बाद भी चौहान सर का उसे रोक देने का कारण समझ में नहीं आया।

सर कुछ अनमने से थे। उन्होंने ललित से पूछा, 'सच-सच बताओ, यह संवाद तुमने खुद ही लिखा है?'

'जी स....र। मैं...ने ही... मैं...ने ही...।' ललित के स्वर में हकलाहट थी। माथे पर पसीने की बूंदें भी। जैसे उसकी कोई चोरी पकड़ी गई हो। सर ने फिर से पूछा, 'तुमने ही लिखा है न?' तो ललित ने धीमे से स्पष्ट किया, 'सर! थोड़ी सी मदद इंटरनेट और एआई की भी ली है।'

सर बोले, 'थोड़ी सी ...मदद नहीं, यह डायलॉग तो पूरा ही 'रामायण' सीरियल का है।'

ललित चौंककर रह गया। वास्तव में ललित ने एक बार भी नहीं सोचा था कि उसकी यह चोरी, जिसे वह होशियारी समझ रहा था, सर इतनी आसानी से पकड़ लेंगे।


चौहान सर ने समझाया, 'बेटे! यह नाटक गांधी जयंती के दिन खेला जाएगा। गांधी जी कभी झूठ नहीं बोलते थे। तुम हनुमान का रोल कर रहे हो। हनुमान जी तो बुद्धि और विवेक के निधान कहे जाते हैं। तुमने संवाद लिखने में अपनी बुद्धि का प्रयोग क्यों नहीं किया?' थोड़ा रुककर सर आगे बोले, 'एआई तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नाम है। एआई तुम्हें जो भी मैटर देगा, वह हूबहू असल जैसा कभी नहीं हो सकता। एकदम मौलिक दृष्टि तो अपनी ही बुद्धि से संभव है। तुमने इंटरनेट पर हनुमान का डायलॉग मांगा, उसने पुराना डायलॉग तुम्हारे सामने रख दिया। और तुम व्यर्थ में ही झूठे बन गए। बेटे, मैं समझता हूं कि यह तुम्हारी पहली और आखिरी गलती होगी।' चौहान सर बच्चों को देखते हुए आगे बोले, 'रावण बने सूरज का डायलॉग भले ही ज्यादा अच्छा नहीं हो पाया, लेकिन उसने सच का साथ नहीं छोड़ा। यही असली गांधी जयंती मनाना है।'

ललित यह सुनकर रो पड़ा। वह बोला, 'बस दस मिनट का समय दीजिए सर। मैं अभी खुद संवाद लिखकर दिखाऊंगा।'

सारे बच्चों की फिर से जोरदार तालियां बज उठीं। *

कविता

डॉ. करुणा पांडेय



## बापू

बापू तुम महान हो।
इस देश की शान हो।
तुमने देश का मान बढ़ाया,
आजादी का बिगुल बजाया,
सत्य धर्म का मार्ग दिखाया।
राज धर्म का मर्म बताया
तुम हमारी आन हो,
बापू तुम महान हो।
खादी को तुम खुद बुनते थे
पैदल ही यात्रा करते थे,
तेरी इक हुंकार पे बापू
सब जन पीछे चल पड़ते थे
तुम सुरों की तान हो,
बापू तुम महान हो।
इस जग में तुम जैसा बापू,
अब तक हमको नहीं मिला,
अपना सारा जीवन तुमने,
वतन की खातिर लुटा दिया।
निज वतन का मान हो
बापू तुम महान हो।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दशहरे के अवसर पर होने वाले रावण वध से संबंधित दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बीच में रावण के माथे पर तिलक नहीं लगा है। 2.रावण के दस के बजाय नौ सिर हैं। 3.राम बनकर रावण वध कर रहे लड़के की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 4.बीच में खड़े लड़के के कुर्ते पर सिलवटें नहीं हैं। 5.दाहिनी तरफ खड़ी लड़की की ड्रेस का कलर ब्लू है।

रोचक-ज्ञानवर्धक किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सूरज का बिल आ जाए तो!



बच्चो, तुम्हारे घर में पंखा, टीवी, फ्रिज, ट्यूब लाइट जैसे कई ऐसे उपकरण होंगे, जो बिजली से चलते हैं। तुमने देखा होगा इन उपकरणों से जितनी बिजली खर्च होती है, उसका बिल हर महीने आता है, जिसका पेमेंट पापा करते हैं। लेकिन सोचो अगर, हर रोज इतनी रोशनी और ऊर्जा हम सभी को देने वाला सूरज अपना बिल भेज दे तो क्या होगा! किताब 'सूरज का बिल' में यही कहानी रोचक तरीके से पेश की गई है। मजा तो तब आता है, जब सूरज, धरती पर रहने वाले इंसानों और चंद्रमा से बिल वसूलना चाहता है, उसी समय सूरज के चारों ओर परिक्रमा करने वाले ग्रह, नक्षत्र सूरज को अपना बिल देने की योजना बनाने लगते हैं। इस रोचक कहानी के अंत में क्या होता है? क्या वास्तव में सूरज का बिल धरती वालों को देना पड़ता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी पड़ेगी। अच्छी बात है कि रोचकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी इस कहानी में दिया गया है। *

**पुस्तक:** सूरज का बिल, **लेखक:** गोविंद शर्मा, **चित्रांकन:** धीरज सोमबासी, **मूल्य:** 60 रुपए, **प्रकाशक:** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

## खबर संक्षेप



### राजा भोज महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**मंडीदीप।** राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भोपाल की संयुक्त टीम ने एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार भदौरिया ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया।

# अपनी जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा की पास, चार साल देवास स्थित नोट प्रेस में नौकरी करता रहा जालसाज

## 2021 में 137 पद पर हुई थी टेक्नीशियन की भर्ती परीक्षा, नोटिस मिलते ही फरार हुआ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आईओएन डीजीटल कॉलेज में आयोजित देवास नोट प्रेस की टेक्निशियन परीक्षा में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है।

दरअसल, एक जालसाज ने अपनी जगह दूसरे को परीक्षा में बिठाकर परीक्षा पास की थी और चार साल से वह नौकरी भी कर रहा था। संदेह के आधार पर देवास नोट प्रेस के अधिकारियों ने 137 पदों पर भर्ती करने वाली एजेंसी से डेटा मांगा तो पता चला कि नौकरी करने वाला और परीक्षा देने वाला दोनों ही व्यक्ति अलग-अलग है। इसके बाद फर्जी तरह से नौकरी करने वाले को नोटिस भेजा। नोटिस मिलते ही जालसाज फरार हो गया। वह बिहार का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार सुनील दुपारे देवास नोट प्रेस में नौकरी करते हैं। उन्होंने देवास पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में देवास नोट प्रेस में 137 पदों पर टेक्नीशियन की भर्ती कराई गई थी। भर्ती प्रक्रिया मुंबई की कंपनी द्वारा कराई गई। इस दौरान सेंटर भोपाल के आईआरएन कॉलेज को बनाया गया।

### मुंबई की कंपनी ने कराई थी भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा का डेटा मांग कर जांच की तो फर्जीवाड़े का पता चला

परीक्षा पास होने के बाद वेरिफिकेशन भी हो गया। देवास नोट प्रेस के अधिकारियों ने चयनित हुए कर्मचारियों का दोबारा वेरिफिकेशन कराया। मुंबई की कंपनी से परीक्षा का डेटा मांगा। मुंबई की कंपनी ने अपने पास सुरक्षित रखा डेटा भेजा तो पता चला कि देवास नोट प्रेस में नौकरी करने वाले जसराम की फोटो और परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी की फोटो अलग-अलग है। विभाग ने जसराम को नोटिस भेजा गया। नोटिस मिलने पर जसराम नौकरी छोड़कर बिहार फरार हो गया।

### बड़ी लापरवाही सामने आई

इस पूरे प्रकरण में भर्ती परीक्षा लेने वाली मुंबई की कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। फिंगर प्रिंट और अन्य प्रक्रिया कंपनी के द्वारा कराई गई। परीक्षा में प्रवेश पत्र और आईडेंटी कार्ड भी चेक किया गया। बावजूद इसके परीक्षा देने वाले की जगह, जालसाज ने नौकरी हासिल कर ली। विभाग द्वारा इस घटना की शिकायत देवास पुलिस से की गई थी। पुलिस ने घटनास्थल बिलखिरिया क्षेत्र का होने के कारण केस डायरी बिलखिरिया पुलिस को भेज दी।

## ससुराल से बहन के घर आई महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सुदिती अस्पताल के पास विजय नगर, लालघाटी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश फांसी के फंदे पर उनकी छोटी बहन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है मेरी मौत के बाद मेरी पार्थिव शरीर को अग्नि का अधिकार मेरे बेटे का है। इसके अलावा किसी पर आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस के अनुसार पूजा जायसवाल (30) मूलतः खिलचीपुर, जिला राजगढ़ की रहने वाली थी। उनकी शादी झांसी में हुई थी। उनकी छोटी बहन अवंतिका जायसवाल, विजय नगर में सुदिती अस्पताल के पास रहती हैं और जन संपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी है। अवंतिका ने पुलिस को बताया कि बड़ी बहन पूजा जायसवाल एक दिन पहले ही अपने ससुराल झांसी से अकेली लौटी थी। वह गृहणी थी। मंगलवार को अवंतिका ड्यूटी गई थी। शाम को ड्यूटी से लौटी तो फ्लैट का दरवाजा खुला हुआ था और अंदर कमरे में पूजा फांसी लगा चुकी थी।

# लाडो लक्ष्मी का श्रीगणेश, एक नवंबर से खाते में खटाखट आएंगे ₹2100

## सीएम ने योजना का मोबाइल एप किया लॉन्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने अंत्योदय प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को विकास, अंत्योदय उत्थान और नारी शक्ति को समर्पित करते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात जनता को दी। इस अवसर पर पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत की और योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने आवेदन के समय आने वाली समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 18001802231 और हेल्पलाइन नंबर 01724880500 भी लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान ही योजना के तहत पात्र पांच महिलाओं का लाइव पंजीकरण भी करवाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि मोबाइल एप लॉन्च होने के कुछ समय के भीतर ही लगभग 50 हजार महिलाओं ने अपने मोबाइल पर इस एप को डाउनलोड किया है और लगभग 8,000 महिलाओं ने आवेदन किया है।

- योजना को लेकर महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह
- **20** लाख महिलाओं को पहले चरण में मिलेगा लाभ
- **50000** ने एप लॉन्च होते ही किया डाउनलोड
- **8000** महिलाओं ने तुरंत करवाया पंजीकरण
- **02** टोल फ्री नंबर जारी, प्रक्रिया को सरल बनाएंगे

### महिलाओं और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शारदीय नवरात्रों और कर्मयोगी व राष्ट्रनायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि 'राष्ट्र तभी महान बन सकता है, जब उसकी नारी सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानित होगी। हरियाणा सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि महिलाएं और बेटियां आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर हो और समाज की मुख्य धारा में भाग लें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू किया जा रहा है।

#### पारदर्शी और सुगम योजना

सैनी ने बताया कि नवरात्रि की पावन वेला और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन के अवसर पर लाडो लक्ष्मी योजना ऐप का शुभारंभ किया गया है। एप के माध्यम से योजना को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है।

#### 5 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 13 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। ड्रोन दीदी योजना में 100

#### 5000 करोड़ का बजट

इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 5,000 करोड़ रुपये का बजट रखा है और पहले फेज में 21 लाख महिलाओं को लाभ दिया जाएगा। हर पात्र महिला को सीधे उनके बैंक खाते में हर महीने 2,100 रुपये दिए जाएंगे।

#### टोल-फ्री नंबर

मुख्यमंत्री सैनी ने पंजीकरण में किसी भी दिक्कत के लिए दो टोल-फ्री नंबर जारी किए- 01724880500 और 18001802231, जारी किए, ताकि हरियाणा की किसी भी महिला को फॉर्म अप्लाई में कोई परेशानी न आए।

#### महिलाओं की भागीदारी



सैनी ने कहा कि जैसे ही एप लॉन्च हुआ, प्रदेश में 50 हजार महिलाओं ने इसे डाउनलोड कर लिया और 8 हजार महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया। उन्होंने इस तेजी को प्रदेश की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत बताया।

#### ये दस्तावेज जरूरी

- हरियाणा का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र होना जरूरी। हरियाणा में पंजीकृत परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक। आधार कार्ड : ई-केवाईसी और डीबीटी के लिए।
- बैंक खाता पासबुक : आधार से लिंक और डीबीटी-सक्षम,आय प्रमाण पत्र : 1 लाख रुपये तक आय का प्रमाण। निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र (विवाहित महिलाओं के लिए)।
- पासपोर्ट साइज फोटो। मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना जरूरी। परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड होना जरूरी। महिला विवाहित है तो ससुराल के सभी सदस्यों के आधार कार्ड। बिजली बिल का कनेक्शन नंबर। चकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर। महिला और परिवार के सभी सदस्यों के नाम दर्ज वाहनों का विवरण, एक मोबाइल से 25 रजिस्ट्रेशन हो सकेंगे।

#### ऐसे कर सकते हैं योजना के लिए रजिस्ट्रेशन

सबसे पहले लाडो लक्ष्मी एप डाउनलोड करना होगा। महिलाओं को लाडो लक्ष्मी एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। , एप से ही पहचान, सत्यापन, समाधान, शिकायत, निगरानी की जाएगी। आवेदन करने के बाद एक पंजीकरण आईडी मिलेगी। सभी पंजीकृत आवेदन नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) को भेजे जाएंगे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से सौजन्य भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना सं–डीजल–टी.के.डी–ए.सी–रिपेयर ए ऍम सी–25 दिनांक 25.09.2025**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ईनिविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदादस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य विवरण | "एचएचपी लोकोमोटिव के ड्राइवर कैब के लिए 02 वर्षों के लिए एयर कंडीशनिंग उपकरण की एएमसी के साथ एक बार मरम्मत का प्रावधान" |
| काम की जगह | डीजल शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली–110044 |
| समापन की अवधि | 2 साल |
| अनुमानित लागत राशि | 1,69,92,139.48/– रुपये @18% जीएसटी सहित (एक करोड़ उनहत्तर लाख बयानवे हजार एक सौ उनतालीस और अड़तालीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि | रुपये 2,35,000/– (रुपये दो लाख पैंतीस हजार मात्र) |
| समरूप कार्य की परिभाषा | समरूप कार्य की अनुमोदित परिभाषा है: भारतीय रेलवे के डीजल/इलेक्ट्रिक इंजनों के एचवीएसी का निर्माण/आपूर्ति/परीक्षण एवं कमीशनिंग/ओवरहालिंग मरम्मत" या एमईएमयू/ईएमयू कोच और मेट्रो रेलवे कोच सहित भारतीय रेलवे कोचों की एयर कंडीशनिंग प्रणाली/आरएमपीयू" |
| तकनिकी योग्यता मापदंड | तकनिकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| वित्तीय योग्यता मापदंड | वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 16.10.2025 को 12:00 बजे तक। |
| ई–निविदा खुलनेकी तिथि व समय | 16.10.2025 को 12:00 बजे के बाद। |
| निविदा की वैधता | निविदा खुलने से 60 दिन |
| विनिधान | 05–0313–32 |

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

2966/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पुलिस ने निकाली वाहन रैली, शांति का दिया संदेश

**औबेदुल्लागंज।** पुलिस ने अभिमन्यु अभियान के तहत बुधवार देर रात वाहन रैली निकाली। रैली एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई भारत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में औबेदुल्लागंज थाने से शुरू हुई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं नगर में धार्मिक आयोजनों में शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देना एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रोकथाम करना था। रैली में बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मी शामिल हुईं।

### कर्मचारियों ने जल संसाधन विभाग पर किया प्रदर्शन

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में बुधवार को स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में जल संसाधन विभाग के मुख्यालय तुलसी नगर में प्रदर्शन कर धरना दिया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए जल संसाधन विभाग के प्रमुख से मांगों को मंजूर करने की मांग की। मंच की प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदर्शन चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया है। जिसमें अमीनो के नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरणों को निरस्त करने, स्थाई वगीर्कृत दिनांक से नियमित दिनांक तक की अंतरराशि का भुगतान करने, अमीन का पद नाम सिंचाई विस्तार अधिकारी करने, बिना अधिकार के अधीक्षक यांत्रियों द्वारा किए गए जा रहे आदेशों पर रोक लगाने की मांग प्रमुख अभियंता से ज्ञापन के माध्यम से की गई है। पांडे ने चेतावनी दी है कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का लिखित में निराकरण नहीं हो जाता जब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## केरेगांव थाना क्षेत्र के खड़ादाह के पास का मामला

## यात्री बस पलटने से दर्दनाक हादसा, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में फिर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसके चलते एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं हादसे में दर्जन भर लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि नगरी मार्ग में बस पलटने से मौके पर चीख पुकार मच गई। इस हादसे में 4 साल की एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि एक बस सवारी भरकर धमतरी से नगरी की तरफ गुरुवार को जा रही थी। तभी केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ादाह के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।



#### *20 से ज्यादा यात्री थे सवार*


*वहीं हादसे की सूचना पर तत्काल केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए धमतरी जिला अस्पताल लाया गया। यहां लाने पर डॉक्टर ने बच्ची रागिनी निषाद निवासी ग्राम बासनवाही को मृत घोषित कर दिया। वहीं टीकाराम साहू 58 वर्ष और उनकी पत्नी कुमारी बाई साहू 54 वर्ष निवासी ग्राम बेलौदी का इलाज जारी है।*

## कवयित्री शैलजा सिंह ने किया काव्यपाठ

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता हुई

- जन गण मन की अभिलाषा का हम वंदन करते हैं

**नई दिल्ली।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर गाजियाबाद में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के सभी कर्मियों द्वारा हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न शिक्षकों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियां की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद की प्रसिद्ध कवयित्री शैलजा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने प्रमुख छंदों जैसे मैं गीतों की जादूगरनी जादू कर दूंगी, जन गण मन का वंदन करते हैं आदि गीतों की प्रस्तुति की जिन को सुनकर सभी श्रोता मंत्र मुक्त हो गए और गीतों की लय को गुनगुनाने लगे। शैलजा सिंह ने कहा



कि हिंदी जिम्मेदारी ले कर चलने वाली भाषा है उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह मां परिवार के सभी सदस्यों को एक सूत्र में बाधने का काम करती है उसी तरह हिंदी भी अपने परिवार के सभी भाषाओं को ले कर चल रही है। कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य अरुण शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा हिंदी के महत्व को बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य नरेश कुमार, मुख्य अध्यापिका लीना तहिल्यानी तथा अन्य सभी शिक्षक शिक्षकों की उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वेद प्रकाश गर्ग ने किया।

## घर और मकान पर अंधाधुंध फायरिंग, इलाके में हड़कंप

**कोरबा।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया गांव में फायरिंग का मामला सामने आया है। हमलावर ने घर और दुकान पर गोली चलाई। इस घटना में मौके पर एक कारतूस गिरा मिला है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अभी तक घटना का कारण अज्ञात है। मकान मालिक वसीम मेमन ने बताया कि वह घर के अंदर था इस दौरान दो गोली चलने की आवाज आई, उसे अनहोनी होने की आशंका हुई और वह घर से बाहर निकाला। गोली की आवाज सुनकर हड़कंप मच गया। एक गोली घर के शटर पर लगी। वहीं, दूसरी गली के अंदर के मुख्य द्वार पर लगी। गोली चलाने वाले दो लोग थे जो बाइक पर सवार होकर आए हुए थे।




## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **महेंदर सेठ पुत्रः** सतबिलास सिंह **पताः** काली माता मंदिर वेगाबॉन्ड दिल्ली, **इसके अलावाः** सिताब दियार आलेख टोला अरारिबा छपरा बिहार, ने **FIR No. 736/2022, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंदर सेठ,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंदर सेठ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 736/2022, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **महेंदर सेठ,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12791/OD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण उर्फ लेल्लु पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी म. नं. 10062, गली कांटेवाली, मोतिया खान, पहाड़गंज, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 326/2019 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ लेल्लु** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ लेल्लु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 326/2019 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ लेल्लु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**पायल सिंगल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
कमरा नं. 286, केन्द्रीय जिला
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/12864/N/2025
(Court Matter)

## विज्ञापन

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत होता है। संज्ञान में यह आया है कि निम्नलिखित पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (RUPPs) द्वारा (दिसंबर 2018 तक पंजीकृत) ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) के अपने वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि अर्थात क्रमशः 30.11.2022, 31.12.2023 और 15.12.2024 के भीतर प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसके अलावा, इन दलों ने चुनाव तो लड़े, लेकिन निर्धारित समयावधि अर्थात विधानसभा चुनावों के मामले में 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनावों के मामले में 90 दिनों के भीतर व्यय रिपोर्ट दाखिल नहीं की। इसलिए आयोग की हिदायतानुसार निम्न पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को आवश्यक कागजात / लिखित अभिवेदन जमा करवाने बारे तथा सुनवाई का मौका दिया जाता है।

| क्र सं. | राजनैतिक दल का नाम | जिला | पता | आवश्यक कागजात/लिखित अभिवेदन जमा करवाने की तिथि | सुनवाई की तिथि व समय | सुनवाई का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आदर्श जनता सेवा पार्टी | करनाल | रणजीत हाउस, दीवारा रोड़, सालवन, जिला-करनाल, हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 प्रातः 10:00 बजे | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, 30 बेज बिल्डिंग, तृतीय तल, सैक्टर बी, चण्डीगढ़ - 160017 |
| 2. | आपकी अपनी अधिकार पार्टी | फरीदाबाद | मकान नंबर 381/5, न्यू पर्वतीया कॉलोनी, सारण स्कूल रोड, महादेव चौक, गांव-सारण, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 प्रातः 10:30 बजे | |
| 3. | आरक्षण विरोधी पार्टी | फरीदाबाद | डीटी-148, तिरखा कॉलोनी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004 | 13.10.2025 | 16.10.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 4. | अम्बेडकर समाज विकास पार्टी | यमुनानगर | मकान नंबर 49, मोहल्ला-तिलक नगर, यमुना नगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर, हरियाणा-135003 | 13.10.2025 | 16.10.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 5. | राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) | पानीपत | पोस्ट और गांव बिनझोल, तहसील और जिला पानीपत, हरियाणा-132103 | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 12:00 बजे | |
| 6. | राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी | सोनीपत | 788-ई/24, यूनियन बैंक के सामने, पुराने कोर्ट के पास, रोहतक रोड, सोनीपत-131001 हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 7. | राष्ट्रीय लोकस्वराज पार्टी | करनाल | पद्मा फार्म, गांव-छापरा खेड़ा, बालाजी मंदिर के पास, फुसगढ़, करनाल, हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 8. | राष्ट्रीय सहारा पार्टी | गुड़गांव | जांगड़ा मार्केट दुदाहरा, गुड़गांव-122016, हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 9. | रिपब्लिकन बैकवर्ड कांग्रेस | चरखी दादरी | प्लॉट नंबर 4, गली नंबर 1. वार्ड नंबर 1, एम.सी. कॉलोनी, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा-127306 | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 10. | सर्व जन समाज पार्टी (नंद किशोर चावला) | हिसार | चावला प्रॉपर्टीज, लक्ष्मी विहार, कैमरी रोड, हिसार, हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 02:30 बजे | |
| 11. | टोला पार्टी | पलवल | मकान नंबर-55, वार्ड नंबर-14, अंधुआ पट्टी, होडल, (पलवल), हरियाणा। | 13.10.2025 | 16.10.2025 दोपहर 03:00 बजे | |

अतः उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / सचिव से अनुरोध है कि उक्त तालिका में दर्शाये गई तिथि अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथियों तक राजनैतिक दल का कोई भी जवाब प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि राजनैतिक दल कुछ नहीं कहना चहता है तथा आयोग राजनैतिक दल को बिना सूचित किये आवश्यक आदेश पारित कर देगा।

हस्ता/-मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
हरियाणा।

संवाद 2270/11/3/2026/39020/C/88/7 दि. 25.09.2025

## चिंतन

# स्वदेशी तेजस से मजबूत होगा देश का सुरक्षा तंत्र

महज एक दिन पहले ही अखबारों में सुर्खियां थी कि छह दशक से देश की सुरक्षा प्रणाली का स्तंभ 26 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसके लिए बाकायदा एक समारोह का आयोजन भी होगा जिसमें मिग-21 को विधिवत विदाई दी जाएगी। 1963 में सोवियत यूनियन (अब रूस) से मुम्बई उतरे मिग-21 ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तानी हमलों को मुंह तोड़ जवाब देने वाले मिग-21 ने कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में खूब योगदान दिया। मिग-21 की सेवानिवृत्ति पर सबसे बड़ा सवाल यही था कि अब उसका स्थान कौन लेगा। वैसे तो देश की वायुसेना के पास एक मिग 29, फ्रांसीसी मिराज और ब्रिटिश जगुआर विमान शामिल हैं। इस बेड़े का अधिकांश हिस्सा विरासत एंटोनोव एएन-32 , डोर्नियर 228 और हॉकर सिडली एचएस 748 विमानों से बना है। इसके बावजूद मुख्य विकल्प को लेकर साफ-साफ कहा जा रहा था कि स्वदेशी तकनीक से बना तेजस ही मिग-21 का उत्तराधिकारी बनेगा। मिग-21 का मुख्य और प्रत्यक्ष विकल्प भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान है, जिसे हाल ही में वायुसेना में शामिल करने की मंजूरी मिली है। तेजस, अपने आधुनिक एईएसए रडार, अस्त्र मिसाइल और 65 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ, मिग-21 से कहीं अधिक सुरक्षित और बहुमुखी है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना के पास राफेल और सुखोई जैसे अन्य उन्नत विमान भी हैं जो मिग-21 से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। अब रक्षा मंत्रालय ने मिग-21 की विदाई से पहले ही रक्षा तंत्र को मजबूत करते हुए 62,370 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए हल्के लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक बड़े सौदे को औपचारिक रूप दिया है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान प्लेटफॉर्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। वहीं, दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजरायल और चीन के पास पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं। चीन तो छठी पीढ़ी के जेट भी बनाने का दावा कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है। भारतीय वायु सेना को मजबूत करने के लिए एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के मॉडल को भी मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को दी गई है। एजेंसी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। इस कॉन्ट्रैक्ट को भारत के लड़ाकू बेड़े के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो पुराने विमानों के कई फेज में रिटायरमेंट से पैदा हुई खामियों को दूर करेगा। वैसे भी एचएएल ने 13वें सीरीज प्रोडक्शन तेजस एमके-11 की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उड़ान अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के कैटेगरी-बी एफ-404 इंजनों से की गई थी। असली एफ-404-आईएन-20 इंजन अभी आने बाकी हैं। बीते दिनों वायुसेना चीफ एपी सिंह ने कहा था कि एक भी सिंगल प्रोजेक्ट टाइम पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सरकार ने तुरंत सौदे को मंजूरी दे दी है ताकि किसी तरह की देरी न हो। एचएएल का दावा है कि वह अक्टूबर में 83 तेजस जेट विमानों में से पहले दो की डिलीवरी कर देगा। साफ है कि वायुसेना को तेजस मिलने के बाद देश की सुरक्षा अभेद होगी। एक और पाकिस्तान चीन से जे-35ए की खरीद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हम उससे कहीं उन्नत स्वदेशी का निर्माण कर रहे हैं। इससे न केवल हम अपनी सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि आत्मिनर्भर भारत का सपना भी पूर्ण होगा।

## कयास

संतोष कुमार भार्गव



# मणिपुर में शांति और विकास फिर लौटेगा

निस्संदेह, पिछले दो वर्षों से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाए रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं, यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब विपक्ष का मुंह पीएम मोदी ने बंद कर दिया है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। विरोधी जो भी कहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि संघर्ष आरंभ होने के शुरुआती दिनों में ही गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा किया था। उसके पहले से गृह मंत्रालय के अनेक अधिकारियों ने वहां डेरा डाला था। आशा है कि समझौते के मुताबिक कुकी विद्रोहियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान रोकने पर बनी सहमति कायम रहेगी। यह समझौता पहले भी था, लेकिन हथियारबंद समूहों द्वारा हिंसा जारी रखने के कारण इसे निलंबित करना पड़ा। समझौते में कुछ नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं, जिनमें कड़ी निगरानी के साथ उल्लंघन की स्थिति में समीक्षा शामिल है। इसका अर्थ हुआ कि सरकार ने न्यायसंगत मांगों को स्वीकार किया है, लेकिन हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। वर्तमान समझौते में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता शामिल है। यह कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग में बदलाव का संकेत है। मैतेई इस मांग का विरोध करते रहे हैं। हालांकि सभी कुकी समूहों को इससे सहमत कराना कठिन है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही समय बाद, सिविल सोसायटी समूह कुकी-जो काउंसिल ने भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासन के लिए राजनीतिक बातचीत की आशा का वक्तव्य दिया। ऐसा कहने वाले मिल जाएंगे कि जब तक वित्त और प्रशासन का नियंत्रण घाटी के लोगों के पास रहेगा, पहाड़ी जिलों के विकास की अनदेखी होगी। लेकिन सामूहिक आकांक्षाओं के मुताबिक विकास योजनाओं पर अमल हो तो यह सोच भी बदल जाएगी। पीएम मोदी ने अपनी हालिया यात्रा में कहा, 'मणिपुर आशा और आकांक्षाओं की भूमि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह हिंसा की चपेट में आ गया है। मैं आने वाले दिनों में राज्य के लिए आशा और विश्वास की एक नई सुबह देख रहा हूं।' मोदी ने संघर्ष से विस्थापित लगभग 60,000 लोगों के उचित पुनर्वास और राज्य में स्थायी शांति लाने का आश्वासन दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्ष शांति का माहौल कायम रखने में अपनी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं, जिससे मणिपुर पुनः विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अरब-मुस्लिम नाटो गठन की विफलता



राष्ट्र-चिंतन

आचार्य श्रीहरि

**अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।**

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन क्या सिर्फ हाथी के दांत हैं, गुब्बारे की हवा हैं, मंच पर सिर्फ बैठकर शेखी बघारने वाले संगठन हैं, इनमें शक्ति नहीं हैं, इनमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं हैं? क्या ये यूरोपीय देशों की तरह मुस्लिम देशों का अपना कोई सैनिक शक्ति का निर्माण नहीं कर सकते हैं? क्या ये नाटो का विकल्प नहीं बना सकते हैं? इनके पास संगठन हैं, इनके पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी यानी मुस्लिमों का समर्थन है, ये सिर्फ भीखमंगे नहीं हैं, ये सिर्फ गरीब नहीं हैं, ये सिर्फ अर्थव्यवस्थाहीन नहीं हैं, ये सिर्फ अनिर्यातक नहीं हैं, बल्कि ये अमीर हैं, ये शक्तिशाली भी हैं, ये समर्थ भी हैं, इनके पास धन की कोई कमी नहीं है, इनके पास खनिज संपदाओं की कोई कमी नहीं हैं, ये तेल और गैस के निर्यातक भी हैं, संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिकाओं के नियंत्रक भी हैं।

इतना ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक नियामकों में इनकी संख्या और सक्रियता भी हैं शक्तिशाली हैं। फिर ये मुस्लिम अधिकारों को लेकर एकजुटता दिखाने में कमजोर क्यों और कैसे साबित हो जाते हैं? इजरायल के खिलाफ इनकी एकजुटता क्यों नहीं पनप पाती है, अमेरिका के खिलाफ इनकी बोलती क्यों बंद रहती हैं, यूरोपीय देशों के खिलाफ भी ये अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ और निर्णायक क्यों नहीं बना पाते हैं? क्या अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन भविष्य मे मुस्लिमों के अधिकार और भलाई के लिए मजबूत होने के लिए तैयार हैं? ख्याल यह रखना चाहिए कि दुनिया उसी की बात सुनती है, उसी के सामने सिर झुकाती है, उसी की अस्मिता और संप्रभुत्ता का सम्मान करती है जिसके पास शक्ति होती है, जिसके पास मजबूत संगठन होते हैं, जिसकी आबादी अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय होती है और शक्ति का प्रयोग करती है। अमेरिका इसी कसौटी को आधार बनाकर दुनिया पर राज करता है। रूस इसी कसौटी पर यूक्रेन की संप्रभुता को रौंद रहा है। संदर्भ इजरायल बनाम अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन है। इजरायल ने छह मुस्लिम देशों पर मिसाइलें दांगी थी और लड़ाकू विमानों से हमले किए थे। खासकर कतर पर उसने बम बरसाये थे। इजरायल का आरोप है कि कतर सहित अन्य मुस्लिम देश हमास के नेताओं का संरक्षन देते हैं, पोषक की भूमिका निभाते हैं और संहारक भी बनाते हैं। जहां तक कतर की इस कसौटी पर संलिप्तता की बात है तो इसमें अनिवार्य तौर पर तथ्य शामिल हैं। कतर सभी मुस्लिम आतंकवादी संगठनों का संरक्षणकर्ता है और पालनहार है। आपको याद दिला दें कि हमास ही नहीं बल्कि तालिबान और अलकायदा का भी कतर संरक्षणकर्ता रहा है। तालिबान के बड़े नेता कतर में ही रहते थे और वहीं से अमेरिका के खिलाफ हिंसा की नीति को आगे बढ़ाते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच में शांति समझौते को लेकर हुई बातचीत भी कतर में हुई थी। हमास के बड़े नेता कतर में संरक्षण पाए हुए हैं और कतर से ही इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। इजरायल का एक्शन हमास को समाप्त करने को लेकर जारी है। इजरायल कहता है



कि जब तक हमास का अस्तित्व नहीं मिटता है, उसका संहार नहीं होता है तब तक उनकी मिसाइलें और लड़ाकू विमानें उड़ती रहेंगी। हमारी मिसाइलें वहीं गिरेंगी जहां पर हमास के हिंसक आतंकवादी संरक्षण पाए हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से इजरायल ने छह मुस्लिम देशों के स्थित हमास के ठिकानो पर हमला किया था। ईरान तो अब चुप हो गया है और ईरान की हमास के पक्ष में भड़काऊ बयानबाजी थम गई। ईरान को मालूम है कि हमास के पक्ष मे जितना ज्यादा बोलेगा, उतना ही उस पर इजरायल की मिसाइलें गिरेगी।

इजरायल के हमले के बाद मुस्लिम देश नाटो की तरह एक सुरक्षा कवच बनाना चाहते थे। इसी दृष्टिकोण से जुटे हुए थे। इस्लामिक सहयोग संगठन मुस्लिम देशों की एक साक्षा सुरक्षा कवच बनाने के लिए प्रतिबद्ध था और अपना इरादा भी जाहिर किया था। खासकर पाकिस्तान और तुर्की बहुत ज्यादा उत्साहित थे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत ही उतावला था और आगे बढ़कर हिंसक रूप से समर्थन कर रहा था। पाकिस्तान की जल्दबाजी इतनी थी कि तुरंत ही नाटो की तरह हमारा रक्षा संगठन खड़ा होना चाहिए। इस प्रसंग में पाकिस्तान अपना हित देख रहा था और अपने हित की कसौटी पर मुस्लिम देशों को उकसा रहा था। पाकिस्तान भविष्य की दृष्टि से अपने आप को देख रहा था। हाल ही में पाकिस्तान पर भारत का हमला हुआ था और भारत ने उसकी संप्रभुत्ता को रौंदा था। पाकिस्तान अपने बल पर भारत का सामना नहीं कर पाया था। पाकिस्तान की दूरदृष्टि थी कि भारत के साथ संघर्ष में अरब-मुस्लिम नाटो उसका साथ देगा और भारत का संहार करेगा। तुर्की भी अरब मुस्लिम दुनिया का चौधरी बनने के लिए तत्पर था। लेकिन अन्य मुस्लिम देश भविष्य के खतरे और संकट को भांप गये। पाकिस्तान खुद कंगाल है, कटौरे लेकर भीख मांगता है और आतंकवाद की फैक्टरी लगाकर दुनिया को संकट में डालता है। पाकिस्तान के लोग मुस्लिम देश में जाते हैं तो फिर वहां पर विखंडन और मजहबी कुरीतियों की आग लगा देते हैं, इस कारण अरब के कई मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी मुसलमानों को नापसंद किया जा रहा है। अरब-मुस्लिम नाटो संगठन खड़ा करने के पीछे नेतृत्व की समस्या थी, पैसे की समस्या थी। अरब-मुस्लिम नाटो का केन्द्रीय कार्यालय कहां बनेगा, किस देश में बनेगा और उसका प्रमुख कौन होगा? अरब मुस्लिम नाटो संगठन के गठन पर अरबो-खरबों डॉलर खर्च होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हर साल इसकी सक्रियता पर करोड़ों और अरबों डॉलर खर्च होंगे। सबसे बडी बात यह है कि ऐसी सैनिक फोर्स किसके प्रति जिम्मेदार होगी, इस्लाम के प्रति जिम्मेदार होगी तो फिर किसी देश का नियंत्रण ऐसी फौज स्वीकार ही नहीं करेगी। इस कसौटी पर ऐसी कोई सेना खुद भस्मासुर की प्रतीक बन जाएगी।

हमास को लेकर खुद मुस्लिम देश एकमत नहीं है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और उसकी हिंसक करतूतों ने मानवता के प्रति घिनौना उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। हथियार कहां से आएगा? तकनीक कहां से मिलेगी? तकनीक और हथियार तो अमेरिका और यूरोप से मिलेंगे। चीन और रूस हथियार भी देंगे तो उसकी कीमत खूब वसूलेंगे। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

( ये स्वतंत्र लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित




संकलित

**दर्शन**

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित

**प्रेरणा**

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है।

*- मनोज शुक्ला, बेमेतरा*

## करंट अफेयर


# तटीय क्षेत्र मजबूत करने भारत- सिंगापुर में करार



सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों – एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।

## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का उद्घाटन



डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राजस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बांसवाड़ा से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास प्रदेश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शुभांशु शुक्ला को बधाई



मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जहाँ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री को सम्मानित किया गया। उन्हें 1.4 अरब दिलों के सपनों को समेटे, पूरे देश में साहस, समर्पण और असीम महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने वाली यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**


### सेवा पखवाड़ा



सेवा पखवाड़ा दिल्लीवासियों के लिए हर दिन नई सौगातें लेकर आ रहा है। आज दिल्ली सचिवालय से शुरू हुई ये स्वास्थ्य सुविधाएं इलाज को और सरल व सुलभ बनाएंगी और हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का नया संबल जोड़ेंगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### चिकित्सा की उपेक्षा



सरकार 'मरीज और डॉक्टर' का अनुपात बताए मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## वांगचुक ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# मुझे 'बलि का बकरा' बनाया, अगर जेल भेजा तो हालात होंगे और गंभीर

वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही और असली समस्या को नहीं देख रही है।

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख में भड़की हिंसा पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो सरकार की दिक्कतें उनकी आजादी से कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगी। वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही है जबकि असली समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

**जलवायु कार्यकर्ता की धमकी**

### सरकार को दी चेतावनी- मैं जेल जाने को तैयार, लेकिन सरकार की परेशानी बढ़ेगी

#### मुझे 2 साल के लिए जेल भेजा जा रहा

मैं देख रहा हूं कि पीएसए (जनसुरक्षा कानून) के तहत मुझे दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही है। मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन याद रखिए, जेल में सोनम वांगचुक सरकार के लिए बाहर के वांगचुक से कहीं ज्यादा परेशानी का सबब बनेगा।

#### युवाओं की बेचैनी असली वजह



वांगचुक ने कहा कि हिंसा की जड़ युवाओं की नाराजगी और लंबे समय से अनदेखी की जा रही मांगों में है। उन्होंने कहा कि छह साल से बेरोजगारी और अधूरे वादों ने युवाओं का धैर्य खत्म कर दिया है। सरकार आंशिक आरक्षण का दिखावा कर रही है, जबकि असली मांग राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार अब भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर दोषारोपण की राजनीति कर रही है। यह कदम शांति की राह नहीं खोलता, बल्कि हालात को और भड़काता है।

#### लद्दाख में अब तक की सबसे बड़ी हिंसा

बुधवार को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में आंदोलन हिंसक हो उठा। पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

#### लेह जिले में कर्फ्यू लागू

गुस्साई भीड़ ने भाजपा कार्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रशासन ने एहतियातन पूरे लेह जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया है।

#### गृहमंत्रालय और उपराज्यपाल बोले

### कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो न फैलाएं

गृहमंत्रालय ने कहा कि हिंसा भड़काने के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्तियों और वांगचुक जैसे नेताओं के भड़काऊ बयान जिम्मेदार हैं।



मंत्रालय ने चेतावनी दी कि कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाए। मंत्रालय के अनुसार, लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से लगातार संवाद जारी है। उच्च स्तरीय समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को होगी, जबकि 25 और 26 सितंबर को भी बैठकें निर्धारित हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन लेह की हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार नकल प्रकरण में 2 को किया निलंबित

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार नकल प्रकरण के बाद कड़े शब्दों में कहा है कि सरकार राज्य में एक-एक नकल माफिया को चुन-चुन कर गिरफ्तार करेगी और सजा दिलाएगी। 2 को निलंबित किया है। धामी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 4 साल में पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से भर्तियां की गईं।



### ओडिशा में टक्कर में 6 लोगों की मौत

**सुंदरगढ़।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हादसा एनएच-520 हाईवे पर कोइड़ा ब्लॉक के तहत के बलांग थाना क्षेत्र में हुआ। गुरुवार को एक प्राइवेट बस राउरकेला से कोइड़ा की ओर जा रही थी।



### रिन्यूएबल एनर्जी 5 माह में 27 गीगावाट बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में कुल 27 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी गई। इसमें से अगस्त तक 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित की गई।



### फिरोजाबाद के स्कूल के मैदान में रामलीला होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक स्कूल के मैदान में चल रही रामलीला को रोकने के लिए कहा गया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि त्योहार की तैयारियां पहले से शुरू हो चुकी हैं, इसलिएकार्यक्रम जारी रहेगा।



## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# तेज विकास के लिए आर्थिक सुधार के साथ आत्मनिर्भरता जरूरी, यूपी में निवेश अहम



भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा
निजी निवेश के साथ व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नोएडा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण ईकोसिस्टम बनाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है। यूपी देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य है, सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यहां हैं और यह दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का केंद्र है।

**उत्तर प्रदेश विकास में सबसे आगे**

#### अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया'

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' की पहचान है और उत्तर प्रदेश इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। रूस के सहयोग से जल्द ही यूपी में एके-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा।



#### अल्टीमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर हो रहा आयोजन

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा। अल्टिमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर आधारित इस आयोजन में 2,200 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं और यहां 1,25,000 से ज्यादा बी2बी और 4,50,000 से अधिक बी2सी विजिटर आने की उम्मीद है। रूस इस बार का पार्टनर देश है। आयोजन में हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़ा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आयुष और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति और व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

#### नमामि गंगे से उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आया

उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के कारण उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आ गया है और राज्य हेरिटेज टूरिज्म में भी पहले स्थान पर है। स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उत्पादन में नए कीर्तिमान बना रहा है। आज भारत के करीब 55 प्रतिशत मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यहां एक बड़ा सेमीकंडक्टर संयंत्र भी जल्द शुरू होने वाला है, जिससे आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी।

### राजस्थान के बांसवाड़ा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

## 3 ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, कांग्रेस के दिए जख्म भर रही भाजपा सरकार



**बांसवाड़ा।** वे राजस्थान के बांसवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने 1,22,100 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को हरी झंडी दी।

#### देश में विकसित होने के लिए तेज गति से काम हो रहा

पीएम ने कहा कि आज भारत विकसित होने के लिए तेज गति से काम कर रहा है। इसमें राजस्थान की भी बड़ी भूमिका है। पानी, बिजली, शहद से जुड़ी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है।

#### 2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया

पीएम मोदी ने कहा कि जब 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया तब देश के 2.5 करोड़ घर ऐसे थे जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था। देश के 18 हजार गांव में बिजली का खंभा भी नहीं लगा था।

#### 90 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए

पीएम ने कहा 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट एक साथ शुरू होना दिखाता है कि देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

### मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

# अब डाक मतपत्रों की गिनती पहले, फिर गिनेंगे ईवीएम

बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों का यह नया नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के अनुसार ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

#### पहली बार बिहार में लागू होगी व्यवस्था

नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

#### पर्याप्त संसाधन बनाने होंगे

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

#### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।

#### पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा

चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने तक अंतिम ईवीएम गिनती को रोके रखने का निर्णय सभी उम्मीदवारों और दलों को यह आश्वासन देगा कि मतगणना में किसी तरह की जल्दबाजी या असमानता नहीं होगी।

## जयराम बरसे ट्रंप पर, निशाने पर पीएम मोदी दोस्त दोस्त न रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा प्रहार किया है। रमेश ने मई 2025 के मध्य से अब तक ट्रंप की नीतियों और भारत के प्रति उनके रुख पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए 'नमस्ते ट्रंप' और 'हाउडी मोदी' जैसे आयोजनों पर भी तंज कसा और पूछा कि 'दोस्त दोस्त न रहा'?

रमेश ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में बिंदुवार ट्रंप के उन फैसलों और बयानों का ज़िक्र किया, जिन्हें उन्होंने भारत के हितों के ख़िलाफ़ बताया। रमेश के मुताबिक़, ट्रंप अब तक चार अलग-अलग देशों में, जिनमें संयुक्त राष्ट्र भी शामिल है, 45 बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाने का श्रेय उन्हें जाता है। उनके अनुसार इसी कारण भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' अचानक रोक दिया गया।

उन्होंने पाकिस्तान के आर्मी चीफ़ फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में अप्रत्याशित लंच पर बुलाया। वही व्यक्ति जिसके भड़काऊ और सांप्रदायिक बयानों के बाद पहलगाम आतंकी हमला हुआ था। ट्रंप ने अमेरिका-पाकिस्तान आर्थिक साझेदारी को और मज़बूत करने की बात की। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते को मंज़ूरी दे दी है।

जयराम ने कहा, ट्रंप ने भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर दंडात्मक टैरिफ लगाए और एच वन बी वीज़ा व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। उन्होंने रूस के साथ भारत के लंबे आर्थिक संबंधों को लेकर भारत को निशाना बनाया और दंडात्मक कार्रवाई की।रमेश ने यह भी उल्लेख किया कि रिपोर्टों के अनुसार, आज व्हाइट हाउस में ट्रंप की मुलाक़ात पाकिस्तान के फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ से होने वाली है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति और उनकी अमेरिका के साथ बढ़ती नज़दीकियों पर तंज कसते हुए पूछा,नमस्ते ट्रंप का क्या हुआ? हाउडी मोदी का क्या हुआ? झप्पी कूटनीति का क्या हुआ? दोस्त दोस्त न रहा।

कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत-अमेरिका संबंधों में हाल के महीनों में कुछ तनाव देखने को मिला है। ट्रंप के बयानों को भारत में नकारात्मक रूप से देखा जा रहा है, खासकर व्यापार और रक्षा सहयोग के मामलों में। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि रमेश का यह हमला न केवल ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर है, बल्कि मोदी सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाता है, जिसने अमेरिका के साथ रिश्तों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाने का दावा किया था।

## पीएम ने पं. दीनदयाल की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की विचारधारा और विकास यात्रा में उनके योगदान को याद किया। अपनी पोस्ट में कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन और अंत्योदय का दृष्टिकोण भारत के विकास मॉडल को प्रेरित करता है। इसके साथ ही अन्य कई नेताओं ने भी उन्हें नमन किया।

**सशक्त बनाने की पहल**

## कांग्रेस संगठन को हर घर तक ले जाने का संकल्प दोहराया : राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को अपने संगठन को और मजबूत करने तथा जनता के बीच अपनी पहुंच को गहराई तक ले जाने का संकल्प दोहराया। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत एआईसीसी पर्यवेक्षकों की बैठक में पार्टी नेताओं ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बैठक के बाद फेसबुक पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा,आज संगठन सृजन अभियान की एआईसीसी पर्यवेक्षकों की बैठक में, हमने यह सामूहिक संकल्प और मजबूत




किया कि कांग्रेस संगठन को हर गांव, हर शहर और हर घर तक पहुंचाया जाएगा। हम अपनी पार्टी की जन-केंद्रित विरासत को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जमीनी स्तर पर मजबूत, सेवा से प्रेरित, भारत के लिए एकजुट दृष्टिकोण के साथ, और हमारे लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा के कर्तव्य के प्रति अडिग हैं।"

राहुल ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी सेवा, एकता और समर्पण के भाव के साथ जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

इस बैठक में कई वरिष्ठ नेता और पर्यवेक्षक शामिल हुए, जिन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। पार्टी का लक्ष्य है कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को पुनर्गठित करने और जनता से जुड़ाव को और गहरा करने में अहम होगा।

### 'अति जल संकट ग्रसित' और 'गंभीर' ग्रामीण ब्लॉक में मनरेगा राशि का 65 प्रतिशत जल-संबंधी कार्यों पर खर्च किया जाएगा

# केंद्रीय मंत्री चौहान, जल शक्ति मंत्री पाटिल ने जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल का किया शुभारंभ, प्राथमिकता भी बताई

*केंद्रीय मंत्री ने कहा, जिन ब्लॉकों में जल संकट नहीं है वहां भी मनरेगा व्यय के अंतर्गत 30 प्रतिशत राशि जल संबंधी कार्यों पर खर्च होगी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने बगुरुवार को नई दिल्ली, कृषि भवन से संयुक्त रूप से 'जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश सिंह और दोनों ही मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। साथ ही देशभर से वर्चुअल माध्यम से ग्रामीण ब्लॉकों के प्रतिनिधियों और जिलाधिकारियों ने शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता की।

पहल की शुरुआत पर चौहान ने कहा कि विकास मंत्रालय ने महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत जल सुरक्षा को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है, जिसके तहत देश के जल-संकटग्रस्त ग्रामीण ब्लॉकों में जल-संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम, 2005 की अनुसूची में संशोधन किया गया है। इस ऐतिहासिक संशोधन के अंतर्गत ग्रामीण ब्लॉकों में जल संरक्षण एवं संचयन कार्यों पर न्यूनतम व्यय को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से भी बातचीत की और विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि भूजल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। पानी दुनिया की एक बड़ी समस्या है। प्रधानमंत्री ने 'कैच द रेन', रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर के निर्माण सहित विभिन्न अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण पर जोर दिया है।

कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल संचय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहे हैं। काउंसिल ऑफ़ मिनिस्टर्स की बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। मनरेगा के 88,000 करोड़ रुपए के बजट में से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु 65 प्रतिशत राशि डार्क ज़ोन जिलों, 40 प्रतिशत राशि सेमी-क्रिटिकल जिलों तथा 30 प्रतिशत राशि अन्य जिलों के लिए निर्धारित किया है।

# अब नहीं चाहिए फोन-कार्ड! अंगूठा लगाते ही होगा पेमेंट, भारत में बना डिवाइस

**डिजिटल भुगतान को आसान बनाने नई तकनीक आई सामने, बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने के लिए एक नई तकनीक सामने आई है जो बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा देती है। अब आपको कैश, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या मोबाइल वॉलेट की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अंगूठे का निशान ही आपकी पहचान और भुगतान का जरिया बन जाएगा। भारतीय स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने इस अनोखे डिवाइस का नाम थंबपे रखा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह डिवाइस आधार और यूपीआई से जुड़ा हुआ है जिसकी वजह से पैसों का लेन-देन तुरंत और सुरक्षित तरीके से हो जाता है। यूजर को बस अपना अंगूठा डिवाइस पर रखना होगा इसके बाद आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से पहचान की पुष्टि होगी और फिर यूपीआई के माध्यम से बैंक से बैंक में पैसा ट्रांसफर हो जाएगा।

### धोखाधड़ी की संभावना कम

इस प्रक्रिया में न क्यूआर कोड स्कैन करने की जरूरत है और न ही स्मार्टफोन की। यही वजह है कि थंबपे छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े स्टोर्स तक हर जगह काम आ सकता है। कंपनी के संस्थापक पुलकित आहूजा का कहना है कि भारत ने पिछले एक दशक में आधार और यूपीआई जैसी मजबूत डिजिटल नींव रखी है और थंबपे इन्हीं तकनीकों का बेहतरीन उपयोग है। इसमें सर्टिफाइड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है जो धोखाधड़ी की संभावना को कम करता है।




### बुजुर्ग, मजदूर व ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोग आसान

यह तकनीक खासकर उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है जो स्मार्टफोन या वॉलेट का इस्तेमाल नहीं करते। बुजुर्ग, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से इस डिवाइस के जरिए भुगतान कर पाएंगे। पुलकित आहूजा के अनुसार, थंबपे का मकसद है "यूपीआई की ताकत को हर व्यक्ति के अंगूठे तक पहुंचाना।" यह कदम न केवल शहरों में बल्कि गांवों और कस्बों में भी डिजिटल इंडिया की दिशा को और मजबूत करेगा।

### डिवाइस की कीमत 2000 रुपए

कंपनी ने इस डिवाइस की कीमत 2,000 रुपए से कम रखी है ताकि यह छोटे व्यापारियों और ग्रामीण इलाकों में भी अपनाया जा सके। बैटरी से चलने वाला यह डिवाइस बिजली न होने पर भी काम करता है और किसी भी आधार से जुड़े बैंक अकाउंट वाले व्यक्ति द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन के इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका पायलट टेस्ट पूरा हो चुका है और अब यूआईडीएआई तथा एनपीसीआई से मंजूरी मिलने के बाद इसे बैंकों और फिनटेक कंपनियों की मदद से बाजार में उतारा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 88.68 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रिजर्व बैंक के संभवतः हस्तक्षेप के कारण रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एच1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये पर दबाव डाला।

### बाजार प्रतिस्पर्धा को लेकर एसबीआई एमएफ आश्वस्त

**मुंबई।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने कहा कि वह निवेशकों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझती है और अपने उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निधाीरित करती है। विशेषीकृत निवेश कोष 'मैग्नम हाइब्रिड लॉन्ग शॉर्ट फंड' पेश किये जाने के मौके पर एसबीआई म्यूचुअल फंड के उप प्रबंध निदेशक और संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीपी सिंह ने यह बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जियो ब्लैकरॉक के प्रवेश से बाजार का विस्तार होगा और इसका लाभ एसबीआई म्यूचुअल फंड को भी मिलेगा।

### कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर 'अंकुश'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर अगले साल 31 मार्च तक अंकुश लगा दिया है। एक अधिसूचना में यह कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य थाइलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना है। भारत का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता है।

## ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाई

# टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत, बढ़ाई गई टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की डेडलाइन

**पहले ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2025 थी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब करदाताओं को अपनी ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की नई समय सीमा 31 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई है। पहले यह तारीख 30 सितंबर 2025 थी। इस निर्णय का उद्देश्य करदाताओं को रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना है, ताकि वे सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स और डिटेल सही तरीके से प्रस्तुत कर सकें।सीबीडीटी ने पहले करदाताओं को रिपोर्ट फाइल करने की समय सीमा निर्धारित की थी, लेकिन बढ़ते काम के दबाव और प्रशासनिक कारणों से इसे आगे बढ़ा दिया गया है। यह कदम उन व्यवसायों और पेशेवरों के लिए राहत देने वाला है जिन्हें ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने में समय की चुनौती का सामना करना पड़ रहा था।

> **उद्देश्य रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना**

### 30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी

देशभर के अलग-अलग हाईकोर्ट्स में अब तक 30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर बेंच ने सरकार और सीबीडीटी को 30 सितंबर की समय सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने का निर्देश दिया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सीबीडीटी को डेडलाइन 31 अक्टूबर तक बढ़ाने को कहा। इसी क्रम में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने भी सीबीडीटी से टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग की थी।




### विभाग ने एक्स पर दी जानकारी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन्कम टैक्स विभाग ने एक पोस्ट में जानकारी दी है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पिछले वर्ष 2024–25 (आकलन वर्ष 2025–26) के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की निर्धारित तिथि बढ़ा दी है। यह विस्तार उन करदाताओं पर लागू होगा जो आयकर अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) की व्याख्या 2 के खंड (ए) में उल्लिखित हैं।

### ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारु रूप से काम कर रहा

सीबीडीटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पूरी तरह सुचारु रूप से काम कर रहा है और टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स बिना किसी तकनीकी समस्या के सफलतापूर्वक अपलोड की जा रही हैं। 24 सितंबर तक लगभग 4,02,000 टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स दाखिल की जा चुकी हैं। वहीं, 23 सितंबर 2025 तक 7.57 करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं।

### टैक्स ऑडिट डेडलाइन बढ़ाने की मांगें

सीबीडीटी को टैक्स ऑडिट की समय सीमा बढ़ाने के लिए कई पेशेवर संगठनों से रिक्वेस्ट मिले थे। इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थाएं भी शामिल थीं। इन संगठनों ने करदाताओं और टैक्स प्रैक्टिशनरों द्वारा समय पर ऑडिट रिपोर्ट पूरी करने में आ रही कठिनाइयों को सामने रखा। अनुरोधों में बताया गया कि देश के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं ने सामान्य व्यवसाय और पेशेवर गतिविधियों को प्रभावित किया है। यही कारण है कि समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। यह मामला कई उच्च न्यायालयों में भी उठाया गया।

### एचएसबीसी श्रीलंका में खुदरा कारोबार समेटेगी




**कोलंबो।** वित्तीय कंपनी एचएसबीसी अगले साल के मध्य तक श्रीलंका में अपने खुदरा बैंकिंग परिचालन को बंद कर देगी। यह श्रीलंका में सबसे पुराने विदेशी बैंकों में से एक है। एचएसबीसी अपना खुदरा बैंकिंग कारोबार श्रीलंका के एनटीबी को 18 अरब श्रीलंकाई रुपये में बेच रही है। एनटीबी ने कोलंबो शेयर बाजार को लिखे एक पत्र में कहा कि उसने "24 सितंबर, 2025 को एचएसबीसी के साथ एक पक्का बिक्री और खरीद समझौता किया है। जिसके तहत वह श्रीलंका में अपने खुदरा बैंकिंग कारोबार का अधिग्रहण 18 अरब श्रीलंकाई रुपये में करेगा।

**PUBLIC NOTICE**

I, Kamal Kishore S/o Mr. Suresh Kumar R/O Flat No. 231, Asha Pushp Vihar, Sector-14, Kaushambi, Ghaziabad, UP 201010, declares that my father Mr. Suresh Kumar booked a flat no. H-601 in Supertech Upcountry, Yamuna Expressway, Noida, UP-201303. After His Demise, I requested M/s Supertech Limited to transfer the said flat to on my name alone as Main Applicant, if anybody or financial institution has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days, of the Published notice.

**PUBLIC NOTICE**

I, Mrs. Subhadra Sharma W/o. Late Sh. Vinod Kumar Sharma, R/o. 3351 Bankers Enclave, Sector-50D, Chandigarh-160047, declares that my husband Late Sh. Vinod Kumar Sharma booked a Unit/ Office No-2837 And 2808, in Astralis, project situated at Plot No-03, Sector-94, Gautam Buddha Nagar UP- 201301. After his demise, I requested M/s Supertech Retails Pvt Ltd to transfer the said unit to on my name alone as Main Applicant, if anybody or financial institution has any objection, he/she may contact M/s Supertech Retails Pvt Ltd office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days, of the published notice.

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः– i) निविदा सूचना संख्या 46 / 2025–2026 दिनांक 12.09.2025
ii) निविदा संख्या 03252216, दिनांक 07.10.2025 को देय।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, (1) "आपूर्ति की गई सामग्री पर निर्माण माह का अंकन आपूर्ति माह से एक माह पूर्व से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि मार्च 2025 में आपूर्ति की जाती है, तो निर्माण माह का अंकन फरवरी 2025 (या मार्च 2025) होना चाहिए।"
(2) कोचों में स्थापित होने पर वी–बेल्ट का शेष शेल्फ जीवन 09 माह होना चाहिए।
अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 2970/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू पुत्र** मामचन्द **निवासीः** S-32, फेज़-1, बुध विहार, दिल्ली ने **FIR No. 147/2009 U/s 380/411 IPC. थानाः नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोनू**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 147/2009 U/s 380/411 IPC. थानाः नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विजय श्री राठोड़
एलडी. जेएमएफसी-10, WD, कमरा नं. 345
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12846/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अमन उर्फ शहजाद अमन, पुत्रः गुलाम नबी, पताः मकान संख्या 2399, गली गुडारियां, तुर्कमान गेट, दिल्ली** ने **DD No. 88A, U/s: 182 IPC, पुलिस थाना आई. पी. इस्टेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अमन उर्फ शहजाद अमन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अमन उर्फ शहजाद अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना आई.पी. इस्टेट, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद अमन उर्फ शहजाद अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
जेएमएफसी–03, केंद्रीय, कक्ष संख्या150,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/12742/CD/2025

### फैबटेक टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 29 को

**नई दिल्ली।** फार्मा, बायोटेक और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता फैबटेक टेक्नोलॉजीज ने अपने आगामी 230 करोड़ रुपये से अधिक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 181-191 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का

**विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी जारी**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क से जुड़ी चिंताओं के कारण सेंसेक्स 556 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 166 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.74 अंक गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 166.05 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 1,854.28 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 532.75 अंक यानी दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में गिरावट का रुख रहा।

## चांदी में 1000 रुपये का उछाल और सोना 630 रुपये फिसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबार में यह 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 700 रुपये घटकर 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 21.40 डॉलर या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 3,757.54 डॉलर प्रति औंस हो गया। हाजिर चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 45.03 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 14 साल के उच्चतम स्तर के करीब है।

## एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| कोटा

देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देश भर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए 5 अक्टूबर को हो रही इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को देश के चंडीगढ़, दिल्ली एनसीआर, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तराखंड राज्यों में आयोजित होगी। अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरूआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में परीक्षा होगी। स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लास रूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।



## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6000




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 5999 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



# भारत-पाक के बीच होगा एशिया कप का फाइनल, बांग्लादेश की उम्मीदें ध्वस्त

**बांग्लादेश को 11 रन से हराया**

**शाहीन- रऊफ को 3-3 विकेट**

एजेंसी ▶▶ दुबई

एशिया कप 2025 के मैच नंबर-17 में 25 सितंबर (गुरुवार) को बांग्लादेश और पाकिस्तान की टक्कर हुई। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए सुपर-चार के इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश पर 11 रनों से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब 28 सितंबर (रविवार) को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत से होगा। एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 136 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी टीम 20 ओवर्स में 9 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। वहीं सैफ हसन (18 रन), रिशाद हुसैन (नाबाद 16 रन) और नुरुल हसन



(16 रन) ने भी क्रीज पर जमने की कोशिश की। पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ ने तीन-तीन विकेट झटके। वहीं सैम अयूब ने दो विकेट चटकाए। मोहम्मद नवाज को भी एक विकेट मिला। पाकिस्तानी टीम ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 135 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 2 चौके और एक छक्के की मदद से 23 बॉल पर सबसे ज्यादा 31 रनों का योगदान दिया। वहीं मोहम्मद नवाज ने 15 गेंदों का सामना करते हुए 25 रन बनाए, जिसमें दो छक्के के अलावा एक चौका शामिल रहा। सलमान अली आगा (19 रन), शाहीन आफरीदी (19 रन) और फखर जमां (13 रन) भी दोहरे अंकों तक पहुंचने में सफल रहे। बांग्लादेश की ओर से तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। स्पिन गेंदबाजों रिशाद हुसैन और महेदी हसन को भी दो-दो सफलताएं प्राप्त कीं।

मुस्ताफिजुर रहमान को एक विकेट मिला। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच अब तक 26 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान बांग्लादेशी टीम ने सिर्फ 5 मैचों में जीत हासिल की। वहीं पाकिस्तानी टीम को 21 मुकाबलों में जीत नसीब हुई।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ अय्यर को टीम इंडिया की कमान

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत ए का कप्तान बनाया गया है। इससे 50 ओवरों की सीनियर टीम में उन्हें कमान सौंपे जाने की संभावना बन रही है हालांकि वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं।



## खबर संक्षेप



### हॉकीः आज से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज

**कैनबरा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे।

### 23 नवंबर से राजस्थान में 'टूर डे थार' साइकिलिंग स्पर्धा



**नई दिल्ली।** राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा। खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, 'यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी। यह आयोजन थार रेगिस्तान को साहस और दृढ़ता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।'

### महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया, जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरुआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

## श्रृंखला 2 अक्टूबर से, जडेजा को उपकप्तान की कमान

# वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करुण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिए कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।



### पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं

नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा,' उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा।' विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है।

### भारतीय टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव।

### बुमराह मिल चुका अच्छा आराम

बुमराह के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें अच्छा आराम मिल चुका है और वह दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। अगरकर ने कहा,' बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं। यह टीम दोनों टेस्ट के लिए है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है।' नायर के बारे में उन्होंने कहा कि वह मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा सके हैं और इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया। उन्होंने कहा,' हमें लगता है कि इस समय पडिक्कल बेहतर विकल्प हैं। काश हम सभी को 15 या 20 टेस्ट दे पाते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता।' अगरकर ने कहा,'' पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करुण से बेहतर की उम्मीद की थी। पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था।'


### ईश्वरन को अंतिम एकादश में नहीं मिला मौका

पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है। भारतीय टीम को हालांकि अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है। तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में एन जगदीशन पर विचार हो सकता है। अगरकर ने कहा,' विदेश दौरे पर 16 या 17 खिलाड़ी जाते हैं और तीसरा सलामी बल्लेबाज भी उसमे होता है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन खराब नहीं था। ऐसे में हमे तीसरे सलामी बल्लेबाज की जरूरत नहीं है। जरूरत होगी तो उसे भेजा जा सकता है।''

## सैमसन की असफलता चिंता का सबब

# भारत के पास जितेश को आजमाने का आखिरी मौका





### श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 का आखिरी मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ दुबई

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका** : चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप गोयल, पुत्रः** स्व. श्री रूप दयाल गोयल, **पताः** ई-3, रतन पार्क, मोती नगर, नई दिल्ली-110015 ने मुकदमा **CC NI ACT No. 2956/19 U/s 138 NI ACT, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप गोयल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप गोयल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC NI ACT No. 2956/19 U/s 138 NI ACT, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संदीप गोयल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एन आई एक्ट-04)
कमरा नं. 04, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12521/WD/2025
(Court Matter)

## वुमेन आईपीएल

# लीसा नाइटली बनीं मुंबई इंडियंस की महिला कोच



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा,' हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।' नाइटली ने कहा,' मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नए मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं।' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है।

### भारत को करनी चाहिए दमदार प्रदर्शन की कोशिश : लैनिंग



**दुबई।** आस्ट्रेलिया की क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा,' श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।'

## बीबीएल में खेलने वाले पहले बड़े क्रिकेटर बने अश्विन



**सिडनी।** आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। अश्विन ने कहा, 'सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डेव वार्नर का खेल बहुत पसंद है। मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं।' सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया। कोपलैंड ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह बीबीएल के इतिहास में यकीनन सबसे बड़ा करार है, पहला भारतीय और खेल का आइकॉन। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी है।' अश्विन बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर होंगे। भारत में जन्में उन्मुक्त चंद और निखिल चौधरी विदेश में प्रवास के बाद बीबीएल में खेले थे।

# शिकायतें लेकर आईसीसी के द्वार पहुंचे, बीसीसीआई और पीसीबी

**दुबई।** भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है। आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है। भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के 'कोहली कोहली' चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था।

### सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिकः पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है, जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 01 में ढाणी किरारोड में पार्क का निर्माण + 4 कार्य। | 24.09.2025 01.10.2025 | रु. 148.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39047/I/88/7 दि. 25.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वार्ड नं. 8, एम.सी. भिवानी में बावारी गेट पाजावा से हरीश रहेजा वाया अशोक बजाज, बावरी गेट तक गली का निर्माण (डीएनआईटी नं. 134388) + 13 कार्य। | 17.09.2025 30.09.2025 | ईएमडी रु. 418.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39026/I/88/7 दि. 25.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोती लाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय, राई, सोनीपत | सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का एएमसी। | 25.09.2025 16.10.2025 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 2 | महिला एवं बाल विकास, यमुनानगर | एडब्ल्यूसी को एसएनपी आपूर्ति इत्यादि का परिवहन कार्य। | 25.09.2025 09.10.2025 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467470011 poynr.wcd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में गांव बिर कलवा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX के तहत) + 4 कार्य। | 18.09.2025 26.09.2025 | 142.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में गुरुग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में कांफ्रेंस रूम और बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण। | बंद होने की तिथि 30.09.2025 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र में लाडवा में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स का निर्माण (सीएम घोषणा कोड सं. 26014 दिनांक 06.04.2022)। | 18.09.2025 09.10.2025 | 1905.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/120/39049/I/88/7 दि. 25.09.25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# परमाणु दुर्घटनाओं से निपटने के लिए "न्यूक्लियर देयदायित्व निधि" की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

केंद्र सरकार देश में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को मज़बूती देने और निवेश आकर्षित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। केंद्र सरकार अब एक ऐसे प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रही है जिसके तहत देश में संभावित परमाणु दुर्घटनाओं की स्थिति से निपटने और प्रभावितों को पर्याप्त मुआवज़ा देने के लिए एक विशेष "न्यूक्लियर देयदायित्व निधि" (न्यूक्लियर लाइबिलिटी फण्ड) स्थापित की जाएगी।

यह निधि उस स्थिति में उपयोग की जाएगी जब किसी परमाणु संयंत्र में दुर्घटना हो और मुआवज़े की राशि 1,500 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए। मौजूदा समय में भारत में इस तरह की परिस्थितियों के लिए कोई स्थायी और संगठित व्यवस्था नहीं है। ज़्यादातर मामलों में मुआवज़े की व्यवस्था अस्थायी और अनियमित, अनौपचारिक रूप में की जाती है। नई प्रस्तावित निधि इस कमी को दूर करेगी और मुआवज़ा प्रणाली को औपचारिक, पारदर्शी और गंभीर बनाएगी।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, इस नई पहल का एक प्रमुख उद्देश्य भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाना है। अब तक कई विदेशी कंपनियाँ और तकनीकी साझेदार भारत के सख्त देयदायित्व कानूनों के कारण निवेश करने से हिचकिचाती रही हैं।

नई निधि उनके लिए एक सुरक्षा कवच का काम करेगी और उन्हें भारत में संयंत्र लगाने और तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करेगी।वर्तमान में भारत में परमाणु दुर्घटना के लिए मुआवज़ा तय करने की व्यवस्था 2010 के "सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट" के तहत है। इसमें ऑपरेटर पर अधिकतम 1,500 करोड़ तक की ज़िम्मेदारी तय की गई है। हालांकि, बड़ी दुर्घटनाओं में मुआवज़े की ज़रूरत इससे कहीं अधिक हो सकती है।

### नियमों से देश वैश्विक मानकों के करीब पहुंचेगा

नई निधि बनने पर इस सीमा से ऊपर के दावों को भी आसानी से निपटाया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से भारत में आने वाले वर्षों में परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार को गति मिलेगी। वर्तमान में भारत की कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग 3 फ़ीसदी है, जिसे सरकार अगले दशक में 10 फ़ीसदी तक ले जाने की योजना पर काम कर रही है। विश्व के कई देशों में इस तरह की विशेष निधियां पहले से ही मौजूद हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका और फ्रांस में परमाणु दुर्घटनाओं के लिए अलग-अलग राष्ट्रीय फंड बनाए गए हैं। भारत में भी ऐसी व्यवस्था बनने से देश वैश्विक मानकों के करीब पहुंचेगा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी मज़बूती मिलेगी। योजना से जुड़े आला सूत्रों ने कहा कि सरकार का यह प्रस्ताव भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इससे न केवल दुर्घटनाओं के दौरान पीड़ितों को शीघ्र और पर्याप्त मुआवज़ा मिल सकेगा, बल्कि देश में नई तकनीकों और निवेश के लिए भी रास्ता खुलेगा।

# 1962 के युद्ध में वायुसेना का इस्तेमाल न करना गंभीर भूल थी: सीडीएस

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान वायुसेना का इस्तेमाल न करने का फ़ैसला एक गंभीर भूल थी। वायुसेना के इस्तेमाल से चीनी आक्रमण काफ़ी धीमा हो जाता और इससे सेना को तैयारी के लिए और ज़्यादा समय मिल जाता। उस समय भारत के इस एक्शन को बढ़ती हुई आक्रामकता कहा जा सकता था। भविष्य में चीन के किसी भी आक्रमण को कमजोर करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल ज़रूरी है। आधुनिक युद्ध में अधिकांश देश एयर डिफेंस सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग कर रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### तेल अवीव में कार में धमाका, कई घायल



**तेल अवीव।** इजराइल के तेल अवीव में एक कार में अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। धमाके के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। विस्फोट की यह घटना ला गार्डिया स्ट्रीट के एक व्यस्त हिस्से में हुई। जोरदार धमाके की आवाज दूर तक सुनी गई और सड़क पर खड़ी कार के परखच्चे उड़ गए। एक शख्स को इलाज के लिए इचिलोव अस्पताल ले जाया गया।

### पूर्व राष्ट्रपति को मिली पांच साल की सजा



**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में कथित तौर पर लीबिया की सरकार से अवैध फंडिंग लेने के मामले में दोषी पाया है। कोर्ट ने उन्हें विदेश से चुनाव जीतने के लिए गैरकानूनी पैसे लेने के मामले में दोषी ठहराया और पांच साल की सजा सुनाई है। उन्होंने 2007 में राष्ट्रपति बनने के लिए लीबिया के तानाशाह से रुपए लिए थे।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का बड़ा ऐलान

# रूस के खिलाफ जंग खत्म होते ही खुद ही छोड़ दूंगा राष्ट्रपति पद



एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

रूस के साथ करीब चार साल से चल रही जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कहा कि रूस के खिलाफ युद्ध खत्म होने के बाद वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है और उसके बाद इस पद पर नहीं रहना चाहता। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अगर रूस के साथ सीजफायर हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है, न कि पद के लिए भाग-दौड़ को जारी रखना। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा स्थिति और यूक्रेन का संविधान, दोनों ही चुनाव कराने में चुनौतियां पेश करते हैं। लेकिन उनका मानना है कि चुनाव मुमकिन हैं।

>> कानून नहीं, हथियार तय करते हैं कौन बचेगा

### पुतिन को अभी रोकना, सरल रास्ता

*जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुतिन को अभी रोकना बाद में बंदरगाहों और जहाजों को समुद्री ड्रोन हमलों से बचाने के मुकाबले सस्ता रास्ता है। रूसी हमले की वजह से यूक्रेन को अंडरग्राउंड स्कूल और अस्पताल बनाने पड़े हैं। कौनसा देश ऐसे दिन देखना चाहता है। जेलेंस्की ने कहा कि अगर कोई देश शांति चाहता है, तो उसे हथियारों पर काम करना होगा। यह दुखद है, लेकिन यही हकीकत है। न तो अंतरराष्ट्रीय कानून और न ही सहयोग, बल्कि हथियार तय करते हैं कि कौन बचेगा। उन्होंने यूएन सुरक्षा परिषद पर भी नाराजगी जताई। रूस इसका परमानेंट मेंबर है और उसके पास वीटो का अधिकार है।*

### हर देश को अपनी रक्षा का अधिकार

*जेलेंस्की ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून पूरी तरह काम नहीं करता, जब तक आपके पास ताकतवर दोस्त न हों जो आपके लिए डटकर खड़े रहें। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन को दोस्तों और ज्यादा मजबूत सुरक्षा मिले, तो यह दिखाएगा कि अपने देश की रक्षा करना सभी का अधिकार है। सिर्फ कुछ चुनिंदा देश ही इसके हकदार नहीं हैं। रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों से उन्होंने कहा कि युद्ध बहुत लोगों पर असर डाल रहा है। अब आप तय करें कि शांति में मदद करेंगे या रूस के साथ व्यापार करके युद्ध बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे रूस की आक्रामकता के खिलाफ बोलें और अंतरराष्ट्रीय कानून और व्यवस्था की रक्षा में यूक्रेन का साथ दें।*

